वर्ष 23, अंक 233, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 17 सितम्बर 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'आतंकवाद को पाताल में दफन कर देंगे'- अमित शाह

### जम्मू कश्मीर में दहाड़े अमित शाह, उमर अब्दुल्ला पर कर दी भविष्यवाणी

**जम्मू कश्मीर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में एक रैली के दौरान कहा कि हमने आतंकवाद को उस स्तर तक दफनाने का संकल्प लिया है कि वह फिर न लौट पाए। अमित शाह ने नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस पर अपने परिवार की सरकार बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे जम्मू कश्मीर में सत्ता में नहीं आ सकते। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अनुच्छेद-370 इतिहास बन गया है, वापस नहीं आ सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर को फिर से आतंकवाद की ओर धकेलना चाहते हैं। शाह ने कहा कि हमने विभाजन के दिन देखें, 1990 में आतंकवाद के दिन देखें। चंद्रिका शर्मा हों या परिहार बंधु हों... सभी ने कुर्बानियां दीं। उन्होंने कहा कि मैं आज इस क्षेत्र सहित जम्मू-कश्मीर की जनता से वादा करता हूं कि हम आतंकवाद को इतना नीचे दफन करेंगे कि कभी बाहर नहीं आ पाएगा। उन्होंने कहा कि 1990 की तरह आज भी प्रयास हो रहे है, यहां आतंकवाद को फिर से मजबूत करने के। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस ने यहां कुछ वादें किए हैं कि उनकी सरकार आएगी तो आतंकवादियों को छोड़ देंगे। मैं आज आप लोगों को कहता हूं कि ये नरेन्द्र मोदी सरकार है, किसी की हिम्मत नहीं है, भारत की भूमि पर आतंकवाद फैलाए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का ये चुनाव

**फिर आतंकवाद फैलाना चाहते हैं नेहरू-गांधी व अब्दुल्ला परिवार, हम ऐसा होने नहीं देंगे**



स्पष्ट रूप से दो ताकतों के बीच है। एक ओर नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस है और दूसरी ओर भाजपा है। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस कहती है कि अगर हमारी सरकार बनी तो धारा-370 को वापस लाएंगे। पहाड़ियों और गुर्जर भाइयों को जो आज आरक्षण मिला है, वो धारा-370 के रहते ?नहीं मिल सकता था। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने जो धारा-370 हटाई, वो अब इतिहास का पन्ना हो गई है। भारत के संविधान में अब धारा-370 के लिए कोई जगह नहीं रह गई है। जम्मू कश्मीर में अब दो विधान, दो प्रधान और दो झंडे कभी नहीं हो सकते हैं। झंडा सिर्फ हमारा प्यारा तिरंगा होगा।

भाजपा नेता ने कहा कि एक ओर वे लोग (नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस) आतंक से लैस जम्मू-कश्मीर बनाना चाहते हैं, तो

**नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस का गठबंधन हमेशा से आतंकवाद का पोषक रहा है**

जब-जब घाटी में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस की सरकार आई, तब-तब यहां आतंकवाद को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि याद कीजिए 90 के दशक को... मैं फारूक अब्दुल्ला से पूछना चाहता हूं कि आप यहां के मुख्यमंत्री थे, राजीव गांधी के साथ समझौता करके चुन कर आए। जब हमारी घाटी खून से लथपथ हो गई तो आप कहां थे? जिस गठबंधन ने, नेहरू-गांधी व अब्दुल्ला परिवार ने यहां आतंकवाद फैलाया, वो फिर से आपका आशीर्वाद लेना चाहते हैं।

दूसरी ओर मोदी जी 'विकसित कश्मीर' बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि धारा-370 हटने के बाद यहां ?की महिलाओं को जो आरक्षण मिला है, उसे वो (नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस) समाप्त करना चाहते हैं, तो वहीं मोदी जी महिलाओं के साथ गुर्जर, पहाड़ी, दलित और ओबीसी को भी आरक्षण का अधिकार देना चाहते हैं।

### अनिल विज के उट पद की दावेदारी पर मनोहर लाल खट्टर का बड़ा बयान,

## 'चाहत रखने में...'



**हरियाणा**

**हरियाणा** विधानसभा चुनाव से पहले अनिल विज के बयान ने बीजेपी की टेंशन बढ़ा दी थी. पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा था कि अगर बीजेपी आगामी विधानसभा चुनाव जीतती है, तो वह मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी ठोकेंगे. इसको लेकर पार्टी में हलचल पैदा हो गई थी. अब इसको लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की प्रतिक्रिया आई है. मनोहर लाल खट्टर ने कहा, "दावेदारी पेश करने की चाहत कोई भी रख सकता है, इसमें कोई आपत्ति नहीं है. बीजेपी ने फैसला कर लिया है कि अगले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ही होंगे."

साल 2014 में भी अनिल विज थे सीएम उम्मीदवार

गौरतलब है कि साल 2014 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी अनिल विज को मुख्यमंत्री चेहरा माना जा रहा था. हालांकि, बीजेपी की जीत के बाद सीएम की कुर्सी मनोहर लाल खट्टर को दी गई. इसके बाद साल 2024 की शुरूआत में जब मनोहर लाल खट्टर की कैबिनेट हटी, तो भी अनिल विज को उम्मीद थी कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाएगा. हालांकि, ऐसा हुआ नहीं. नायब सिंह सैनी को जब सीएम की कुर्सी की जिम्मेदारी मिली, तब अनिल विज नाराज हो गए थे. इसके बाद उन्हें मनाने के लिए खुद नायब सिंह सैनी गए थे. हालांकि, उन्हें नायब सिंह सैनी की कैबिनेट में जगह नहीं दी गई.

'हरियाणा की तस्वीर बदल दूंगा'- अनिल विज

अंबाला कैंट विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी अनिल विज ने बीते रविवार दावा किया था कि अगर बीजेपी की हरियाणा में जीत होती है तो वह सीएम पद के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगे और मुख्यमंत्री बनने पर हरियाणा की तस्वीर बदल देंगे.

उन्होंने कहा था कि वह 6 बार के विधायक रहे हैं, इसलिए सीनियॉरिटी के दम पर वह सीएम पद का दावा पेश करेंगे।

## गोपाल कांडा के समर्थन में भाजपा, पार्टी उम्मीदवार ने वापस लिया नामांकन



**सिरसा**

**इंडियन** नेशनल लोकदल ने गुरुवार को कहा कि वह सिरसा में कांडा को समर्थन दे रहा है। इनेलो विधानसभा चुनाव बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ गठबंधन में लड़ रही है।

भाजपा के सिरसा उम्मीदवार रोहताश जांगड़ा ने सोमवार को कहा कि उन्होंने इस सीट से नामांकन वापस ले लिया है। भाजपा नेता के इस कदम से संकेत मिलता है कि पार्टी हरियाणा लोकहित पार्टी के प्रमुख गोपाल कांडा को समर्थन दे सकती है। कांडा सिरसा से मौजूदा विधायक हैं।

उन्होंने पहले बीजेपी सरकार को अपना समर्थन दिया था। जांगड़ा ने बताया कि मैंने अपना नामांकन वापस ले लिया है। उन्होंने आगे कहा कि यह फैसला राज्य और देश के हित में लिया गया है...हमें 'कांग्रेस मुक्त हरियाणा' सुनिश्चित करना है।

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने कांडा के पक्ष में समर्थन वापस ले लिया है, जांगड़ा ने कहा, "गोपाल कांडा ने पांच साल तक हमें (भाजपा) समर्थन दिया है।

हमने यह फैसला सिरसा के विकास के लिए लिया है।" कांग्रेस की तरह भाजपा भी अब राज्य की 90 विधानसभा सीटों में से 89 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

## पूरी तरह से मेरी जासूसी में लगे हुए हैं मुख्यमंत्री- तेजस्वी

**बिहार**

**तेजस्वी** यादव ने कहा कि हमारी एक मीटिंग में सीआईडी ??और स्पेशल ब्रांच के अधिकारी वहां बैठे नोट्स ले रहे थे। हमने शुरू में सोचा कि वे पत्रकार थे। उन्होंने कहा कि पार्टी की आंतरिक बैठक के बाद आमतौर पर पत्रकार फोटो खींचकर चले जाते हैं, लेकिन ये लोग नहीं हटे।

बिहार के नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बड़ा आरोप लगाया है। तेजस्वी ने दावा किया कि नीतीश उनकी निगरानी करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकताओं के साथ बैठक के दौरान सीआईडी ?और विशेष शाखा के अधिकारी मौजूद थे। उनकी पहचान की पुष्टि उनकी आईडी से की गई। झंझारपुर में पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक के बाद तेजस्वी यादव ने गेस्ट हाउस में मीडिया से बात की और मुख्यमंत्री पर जमकर हमला बोला। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारी एक मीटिंग में सीआईडी ??और स्पेशल ब्रांच के अधिकारी वहां बैठे नोट्स ले रहे थे। हमने शुरू में सोचा कि वे पत्रकार थे।

## कौन होगा दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री? सौरभ भारद्वाज ने बताया

**नई दिल्ली। दिल्ली** सरकार में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मुख्यमंत्री कौन होगा? इन तमाम अटकलों पर विराम लगाया है। उन्होंने बताया कि सोमवार की छुट्टी की वजह से मंगलवार को तय हो जाएगा कि सीएम कौन होगा।

उन्होंने ये बातें दिल्ली स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय में कही। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए भारद्वाज ने कहा, आज सोमवार ईद की छुट्टी है। कल



सप्ताह यानि की मंगलावर को पहला वर्किंग डे है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। सीएम का इस्तीफा मंजूर होते ही पार्टी विधायक दल की बैठक बुलाएगी। हमारे पास 60 विधायक हैं। विधायक दल की बैठक में जिस नाम पर सहमति बनेगी। वही दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री बनेगा।

दिल्ली में कामकाज, नए मुख्यमंत्री के अनुसार ही होगा। सौरभ भारद्वाज ने कहा, अभी मैं यह नहीं कह सकता हूं कि सीएम कौन बनेगा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमनाथ ट्रस्ट बैठक की अध्यक्षता करतें हुए।

## कर्नाटक के मंगलुरु में तनाव, VHP और बजरंग दल का प्रदर्शन

**कर्नाटक**

**कर्नाटक के** मंत्री और कांग्रेस नेता एमसी सुधाकर ने कहा कि मंगलुरु हमेशा से एक हॉट स्पॉट रहा है। मंगलुरु में सांप्रदायिक मुद्दों के आधार पर ही राजनीति की जाती है। तो, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

कर्नाटक के मंगलुरु में सोमवार को दो पूजा स्थलों पर पथराव की घटना सामने आने के बाद सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई। गौरतलब है कि रविवार देर रात मंगलुरु के कटिपल्ला शहर में



पथराव किया गया था, लेकिन त्वरित कार्रवाई के कारण स्थिति नियंत्रण में आ गई और क्षेत्र में किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। पुलिस ने बताया कि पूजा स्थल की खिड़कियों के शीशे टूट गये। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर मंगलुरु में विरोध प्रदर्शन किया है।

### जनगणना के साथ-साथ मोदी सरकार ले सकती है ये बड़े फैसले

## महिला आरक्षण से लेकर NPR तक...

**नई दिल्ली।**

मोदी सरकार ने दशकीय जनगणना कराने की तैयारी शुरू कर दी है. हालांकि इस प्रक्रिया में जाति संबंधी 'कॉलम' शामिल करने को लेकर अभी तक कोई भी फैसला नहीं किया गया है. जानकारी के अनुसार, जल्द ही दशकीय जनगणना कराई जाएगी.

1881 से देश में हर दस साल में जनगणना कराई जाती है. पहले जनगणना का चरण 1 अप्रैल, 2020 को शुरू होना था. लेकिन कोरोना महामारी की वजह इसे स्थगित करना पड़ा था. सरकार के लिए इस समय जनगणना कराना काफी ज्यादा जरूरी है कि क्योंकि सरकार के कई नए कानून और अधिनियम इसी से जुड़े हुए हैं. तो आइये जानते हैं कि जनगणना के साथ-साथ सरकार और क्या-क्या फैसले ले सकती है.


महिला आरक्षण अधिनियम का कार्यान्वयन भी जनगणना से जुड़ा पिछले साल संसद द्वारा पारित महिला आरक्षण अधिनियम का कार्यान्वयन भी दशकीय जनगणना से जुड़ा हुआ है. लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने संबंधी कानून इस अधिनियम के लागू होने ।



## पहली 'वंदे मेट्रो ट्रेन' का नाम बदलकर 'नमो भारत रैपिड रेल' किया गया

**नई दिल्ली। भारत की** पहली वंदे मेट्रो ट्रेन का नाम बदलकर ह्यनमो भारत रैपिड रेल कर दिया गया है।

यह जानकारी भारतीय रेलवे के शीर्ष सूत्रों ने दी। गुजरात के दौरे पर आए ।




### जमात के उम्मीदवारों को राशीद के समर्थन पर बोलीं महबूबा

## दिल्ली ने बहुत सारे आजाद उम्मीदवार बंटवारे के लिए डालें

**जम्मू कश्मीर**

**मुफ्ती** ने कहा कि उन्हें लगा कि अगर कुछ सीटें किसी और को देंगे तो कहीं कुर्सी हमारे हाथ से न निकल जाए। हम लोगों को इकट्ठा चलना चाहिए था। दिल्ली ने बहुत सारे आजाद उम्मीदवार यहां वोटों का बंटवारा करने के लिए डाले हैं, वो वोट नहीं बंटते।

जम्मू कश्मीर चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में लोकसभा सदस्य शेख अब्दुल रशीद उर्फ ?इंजीनियर रशीद के नेतृत्व वाली अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) और जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के पूर्व सदस्यों के बीच विधानसभा चुनाव के लिए एक गठबंधन हुआ। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने आवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) और




जमात-ए-इस्लामी के बीच चुनावी गठबंधन पर कहा कि मैंने भी कोशिश की थी कि हम लोग इकट्ठा चलें। लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस को अच्छा नहीं लगा। उन्हें लगा कि अगर कुछ सीटें किसी और को देंगे तो कहीं कुर्सी हमारे हाथ से न निकल जाए। हम लोगों को इकट्ठा चलना चाहिए था। दिल्ली ने बहुत सारे आजाद उम्मीदवार यहां वोटों का बंटवारा करने के लिए डाले हैं, वो वोट नहीं बंटते। महबूबा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह भाजपा के लिए शर्म की बात है जो कहती रही है कि स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन वे पिछले 10 वर्षों में जम्मू कश्मीर में चुनाव नहीं करा सके। लोग नाराज हैं, उनका दम घुट रहा है। वे चाहते हैं कि एक ऐसी सरकार बने जो उनकी चिंताओं को दूर कर सके और उनकी मुश्किलों को खत्म कर सके। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी केवल नालियों और गलियों के निर्माण के लिए चुनाव नहीं लड़ रही है।

# ईद मिलादुन्नबी पर निकाला जुलूस: हाथों में पताकाओं और झंडियों के साथ राष्ट्रीय ध्वज

अखण्ड भारत सन्देश

**मांडा।** इलाकाई मांडा क्षेत्र के अलावा भारतगंज कस्बे में सोमवार को ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर एक भव्य जुलूस निकाला गया ' जिसमें हजारों लोगों ने जुलूस निकालकर शुरूआत हजरत सोना शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह के मजार शरीफ से हुई और इसका समापन हजरत मस्तान शाह रहमतुल्लाह अलैहि के मजार पर हुआ, जो लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। वही दो किलोमीटर दूरी से अकीदमंदो की हजरत मस्तान शाह मजार मांडा खास पहाड़ी तक ताता लगा रहा ' इस अवसर पर पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश और बफात की खुशी में बारावफात का आयोजन किया गया। जिसमें मुस्लिम समाज ने नगर पंचायत भारतगंज में इंसानियत और सोहार्दपूर्ण देशभक्ति का जज्बा दिखाते हुए तिरंगा लेकर जुलूस निकाला। इस जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे, बुजुर्ग, और युवक शामिल हुए। नगर पंचायत भारतगंज बाजार का भ्रमण करते हुए पहाड़ी पर स्थित मस्तान शाहबाबा मस्जिद में समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान लोगों को जगह-जगह स्टाल लगाकर पुलाव और शरबत प्रसाद के रूप में वितरित किए गए। मुस्लिम समुदाय के लोग पताकाओं और झंडियों के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हाथों में लेकर चल रहे थे। जुलूस के साथ घोड़ों की सवारी भी देखी गई, और लोगों ने मोहम्मद साहब को याद करते हुए झंडा लहराया। इस जुलूस में नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर शकील टंकी, तबस्सुम अंसारी, जावेद, चमन राइन (पूर्व सभासद), तौफीक, सभासद जावेद,इशहाक,जुलूस में शामिल रहे। जुलूस के माध्यम से लोगों ने हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैह वसल्लम के जन्मदिन को मनाया और उनके संदेश को फैलाया।



पुलिस प्रशासन रही मुस्तैद : एक तरफ मुस्लिम समुदाय के लोगो ने अपने चिर परिचित अंदाज में इकट्ठा होकर जुलूस निकाल रहे थे तो वहीं मांडा पुलिस प्रशासन व पीएसी चौराहों और तिराहो पर अपने दल बल के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर मांडा इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह, भारतगंज चौकी प्रभारी विनय सिंह, मौजूद रहे।



## मऊआइमा क्षेत्र में जश्न ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस बडी धूमधाम से निकाला गया

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में जश्न ईद मिलाद-उन-नबी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मऊआइमा क्षेत्र के जाम्हा, तेजपुर, सराय ख्वाजा, बांका जलालपुर, छीतेमऊ, मरखामऊ, गांव में जुलूस निकला तथा मोहम्मदपुर सराय अली से जुलूस होते हुए डीहवा,रमना,का जूलूस मोहम्मदपुर सराय अली में भाव्य ढंग से सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर अब्दुल अब्बास,कयाम उद्दीन, चमन, असलम, महताब, सुल्तान, रहमान, नासिर,असद आदि मौजूद थे। जहां लंगर का वितरण भी किया गया।तथा मस्जिदों को सजाया गया था।तथा अकीदतमंदों द्वारा नात पढा गया।ईद मिलाद-उन-नबी यानि बारावफात का जुलूस घीनपुर से निकल कर तिलई बाजार होते हुए मोहनपुर होते हुये पुनः तिलई बाजार में समाप्त हुआ। जुलूस अचकवापुर, घीनपुर ,मुआर आधारगंज, अगल बगल के गांव से भारी लोग संख्या में हुए शामिल। जैनउद्दीन सिद्दीकी, समसुद्दीन, वकील अहमद, सहजाद, जमालुद्दीन, मुख्तार अहमद, सैफ, मंसूर आदि लोग मौजूद थे।बता दें कि नगर पंचायत मऊआइमा में ईद मिलाद-उन-नबी पर किसी भी प्रकार का जुलूस नहीं निकलता है।

## भारतगंज नगर पंचायत कि अन्तिम सीमा मांडा की क्षतिग्रस्त सड़क पर जमे पानी को सफाई कर्मियों ने साफ किया



**मांडा** ' कस्बे में सोमवार को ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर एक भव्य जुलूस निकाला गया,वही भारतगंज नगर पंचायत कि अंतिम सीमा मांडा खास की क्षतिग्रस्त सड़क पर बरसात का जमा पानी को जुलूस के दौरान सफाई कर्मियों ने पानी को साफ किया ' मांडा क्षेत्र की सड़क अपनी दयनिकता पर आंसू बहाने व जगह जगह गड्ढे में तब्दील सड़क पर गिर कर राहगीर चुटहिल हो रहे वाहन स्वामित्तो में काफी आक्रोश व्याप्त हैं ' ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर हजारों लोगों ने भाग लिया। जुलूस की शुरूआत हजरत सोना शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह के मजार शरीफ से हुई और इसका समापन हजरत मस्तान शाह रहमतुल्लाह अलैहि के मजार पर हुआ, जो लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जहां कि सफाई कर्मियों ने सड़क पर बिखरे पानी व गन्दगी को मजार तक सफाई करने में जुटे रहे '

## पूर्व में सीएचसी जसरा के अधीक्षक रहे डॉ. तरुण पाठक बने संभल के सीएमओ

**जसरा।** सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में भाजपा नेताओं और क्षेत्रीय लोगों ने पूर्व में सीएचसी जसरा के अधीक्षक रहे डॉ० तरुण पाठक के संभल जिले का मुख्य चिकित्साधिकारी बनाए जाने पर स्वागत समारोह का आयोजन किया। सीएचसी जसरा के अधीक्षक रहे डॉ० तरुण पाठक का क्षेत्रीय लोगों से बहुत ही अच्छा संबंध रहा है। जिसकी वजह से उनके मुख्य चिकित्साधिकारी संभल बनाए जाने पर लोगों में काफी हर्ष है। भाजपा नेता व पूर्वांचल बोर्ड के सदस्य अशोक चौधरी ने कहा कि जसरा के लिए यह क्षण बहुत ही गौरव का क्षण है। सीएमओ संभल डा०तरुण पाठक ने कहा मैं आप सबके स्नेह को कभी भी भुला नहीं पाऊंगा। जब भी आप सब याद करेंगे पहुंचने का प्रयास करूंगा। सीएमओ डॉ०तरुण पाठक को अंग वस्त्रम व भगवानश्रीराम की प्रतिमा जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने दिया। स्वागत समारोह को वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज त्रिपाठी,भाजपा जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष लालापुर शंकर लाल पांडेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक डॉ० अंकिता पांडेय ने की। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र पाठक ने किया। उपस्थित अतिथियों का मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी राजा बाबू पाठक, वीरेंद्र पाठक, सुबोध जायसवाल, ज्ञानेन्द्र पाठक,दिनेश प्रजापति, निधीष पाठक, अवध बिहारी मिश्र, राहुल पाल, सुधांशु मिश्रा, आशीष सोनकर, राम जी त्रिपाठी, कमला द्विवेदी, गोपाल केसरवानी, अभिषेक शुक्ल, अर्जुन विश्वकर्मा, पंकज मिश्रा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



## भाजपा ही देश की सबसे बड़ी पार्टी : शिवमोहन

**जसरा।** भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी है। हम सबको पार्टी की सदस्यता मिस्ड काल करके बनाएंगे। उक्त बातें जिला सहकारी बैंक लिमिटेड प्रयागराज के चेयरमैन शिव मोहन मौर्य ने सहकारी समितियों के सचिवों व अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। जिला सहकारी फेडरेशन लि०प्रयागराज के अध्यक्ष अजय पांडेय ने उपस्थित सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में बढ़ चढ़कर सदस्यता अभियान में प्रतिभाग कर भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टी को मजबूत करने की अपील किया। बैठक का संचालन जिला सहकारी बैंक लिमिटेड प्रयागराज के डायरेक्टर अनिल कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर क्रय-विक्रय सहकारी समिति जसरा के अध्यक्ष विनोद मिश्रा, अनिल कुमार शुक्ल, इन्द्रजीत तिवारी, मैनेजर बिशम्बर सिंह, अनूप शर्मा,सचिव राम जी पाल, ज्ञानेन्द्र पाठक, विजयराज यादव, दिनेश कुमार सिंह,दान सिंह, रामनाथ पटेल, राम कैलाश सहित दर्जनों लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## हाथों में तिरंगा लेकर सेमरी में निकाला बारावफात का जुलूस



**जंघई।** सोमवार को ईद मिलाद उन नबी के मौके पर सेमरी में जुलूस निकाला गया इस दौरान युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर बाराबफात का जुलूस निकाला। जश्न-ए-ईद मिलाद उन नबी का त्योहार सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस मौके पर पैगम्बर हजरत मौहम्मद साहब की योमे पैदाइश और बफात पर बारावफात मनाई गई। मुस्लिम समाज ने इंसानियत और सोहार्दपूर्ण देश भक्ति जज्बा और हाथों तिरंगा लेकर जूलूस निकाला जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे, बुजुर्ग सहित युवक लोग पताका, झंडियों के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हाथों में लेकर चल रहे थे। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने मोहम्मद साहब को याद करते हुए झंडा लहराया। सुरक्षा व्यवस्था हेतु थानाध्यक्ष मीरगंज रमेश कुमार, चौकी इंचार्ज जंघई मुन्नीलाल कनौजिया मय फोर्स मौके पर मौजूद रहे।

## जिम्मेदारी सहित लक्ष्य को पूरा करते हुए घर-घर जाकर बनाएं सदस्य- भोला सिंह

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान को लेकर छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज सहसों में सोमवार को गंगापार भाजपा जिला अध्यक्ष कविता पटेल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि केन्द्रीय नेतृत्व से सदस्यता अभियान के प्रभारी एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अनुसूचित मोर्चा, सांसद बुलन्दशहर भोला सिंह ने जिला पदाधिकारी एवं छह मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे देश में 10 करोड़ सदस्य बनने के लक्ष्य को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए घर-घर गांव-गांव जाकर सदस्य बनाएं। उन्होंने कहा कि एक सौ सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ता को ही आगे संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इस अवसर पर समीप के जगबंधन पुर गांव में पहुंचकर कई लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई तथा सरकार की नीतियों से अवगत कराया। दिल्ली से पधारे नमो एप प्रशिक्षण प्रभारी अनित्य श्रीवास्तव ने कार्यकताओं एवं पदाधिकारी को ऑनलाइन ऐप के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। इस अवसर पर फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, भाजपा गंगापार जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल, किरण त्रिवेदी, विधानसभा फूलपुर उपचुनाव संयोजक नगर पंचायत अध्यक्ष अमरनाथ यादव, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मीकांत उपाध्याय,भूपेंद्र मिश्र, रमेश कुमार द्विवेदी, सत्यम मिश्र, चन्द्रभान सिंह, राकेश सिंह, पुष्कर सिंह सहित आदि उपस्थित रहे।



## आदर्श रामलीला कमेटी बरदहा करछना की बैठक संपन्न

**करछना** प्रयागराज रामलीला कमेटी बरदहा की आवश्यक बैठक बरदहा पेट्रोल पंप के सामने कृष्ण चन्द मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई रामलीला कमेटी के डायरेक्टर निहाल मिश्र ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राम लीला मंचन अपने समय से चालू होगा रामलीला की तैयारी व नये सामानों की खरीद दारी अभी से चालू हो गयी है पात्र गण इस वर्ष अन्य वर्ष की अपेक्षा ज्यादा उत्साह से हिस्सा ले रहे हैं रामलीला कमेटी मे अपना सुझाव देने वालों में सर्व श्री कृष्ण चन्द मिश्र शम्भू नाथ पाण्डेय डा सुरेन्द्र पसाद मिश्र निहाल मिश्र डा दिनेश कुमार सोनी पभाकर मिश्र अरूण कुमार मिश्र व्यास जी ओमप्रकाश मिश्र पनीर पाण्डेय विनय मिश्र संजय कुमार मिश्र रवींद्र कुमार विवेक कुमार मिश्र पवनेश कुमार सोनी राम मणि दिवेदी शम्भू नाथ तिवारी रवी शंकर विश्व कर्मा राजू दिवेदी मौजूद रहे

## शंकरगढ़-नारीबारी मार्ग पर बेकाबू हुई तेज रफ्तार कार, एक गंभीर




**बारा/शंकरगढ़.** यमुनानगर के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। यह हादसा शंकरगढ़-नारीबारी मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार के बेकाबू होने की वजह से हुआ।यह हादसा शंकरगढ़-नारीबारी मार्ग पर स्थित पगुवार विद्यालय के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक नारीबारी से एक कार में सवार होकर तीन लोग शंकरगढ़ कीतरफ आ रहे थे। जैसे ही कार कल्याणपुर नाले के आगे पूर्व माध्यमिक विद्यालय पगुवार के पास पहुंची, सामने से एक मवेशी आ गया।मवेशी को बचाने की कोशिश में कार चालक ने स्टेयरिंग घुमाई, लेकिन रफ्तार ज्यादा होने के कारण कार बिजली के पोल से टकरा गई और इसके बाद नाले में पलट गई। जोरदार टक्कर से बिजली का पोल भी टूट गया। इस हादसे में कार में सवार धर्मेंद्र विश्वकर्मा (45) निवासी मौहरिया को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अजीत दुबे और शैलेष को मामूली चोटें आई हैं। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। गंभीर चोट लगने के कारण धर्मेंद्र विश्वकर्मा को प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया है।

## न्यूज झरोखा

### गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना से गुंजायमान हुआ बभनियांव

**जंघई।** नौ दिवसीय गणपति महोत्सव का आयोजन राजाराम का पुरा, बभनियांव गांव में शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चारण से पूणार्हुति हवन, आरती, विसर्जन महाप्रसाद के साथ संपन्न हो गया। प्रतिदिन सुबह शाम भक्तों द्वारा पूजा, अर्चन एवं आरती सुंदर काण्ड भजन प्रसाद का कार्यक्रम अनवरत किया गया गणेश भगवान गजानन महाराज के विसर्जन के पूर्व आचार्यों द्वारा विधि-विधान से पूजन अर्चन आरती करवाया गया तत्पश्चात गाजे बाजे, ढोल नगाड़े, डीजे के साथ बोझिल नयनों से गणेश भगवान की विदाई करते हुए गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारों के साथ भक्तों ने पास के जलाशय में विसर्जन किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान लक्ष्मीकांत उपाध्याय, अनिल उपाध्याय, बबलू उपाध्याय,अश्विनी उपाध्याय, सुशील उपाध्याय, मगन उपाध्याय, भाने उपाध्याय, वेद उपाध्याय, आंनद उपाध्याय, हर्षित मिश्रा, हौंसिला विश्वकर्मा, अंतिम चौरसिया, लक्ष्मन उपाध्याय, रंजीत यादव, ऋतिक मिश्रा, श्रीओम श्रीवास्तव, संदीप प्रजापति, आदर्श उपाध्याय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



### सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए सदस्यता अभियान चलाया

**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के अंतर्गत चल रहे सदस्यता अभियान में प्रतापपुर मंडल में सदस्यता अभियान चलाया गया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल पांडेय के नेतृत्व में प्रतापपुर मंडल के विभिन्न गांवों में लोगों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों को बताते हुए विकसित भारत के निर्माण में सहयोग का आह्वान किया। प्रतापपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमला प्रसाद पांडेय ने कहा कि मैं प्रतापपुर मंडल को सदस्यता अभियान में नंबर एक बनाने में पूर्ण प्रयासरत हूं, आप लोगों से आग्रह करता हूं कि बड़ी संख्या में भाजपा से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें। भाजपा सदस्यता अभियान में मंडल महामंत्री देवेंद्र धर द्विवेदी एवं श्यामधर शर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### कोरांव में मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार

**कोरांव।** पूरे दुनियां में मनाया जाने वाला जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार क्षेत्र में खुशी के साथ मनाया गया।कोरांव में भी नगर पंचायत सहित ग्रामीण इलाकों में भी पर्व मनाया गया। जुलूस की शक्ल में नारे तकबीर अल्लाहु अकबर नारे रिसालत या रसूल्लुलाह के नारे लगे। हर जगह फातेहा दर्द लंगर के आयोजन हुए। नगर कोरांव में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकले दोपहर जुलूस में पूर्व चेयरमैन गोपाल जी केसरी पूर्व चेयरमैन,रमेश चंद्र सोनी,सभासद मोहम्मद यूसुफ,चेयरमैन ओम प्रकाश केसरी सहित हुसैनी ब्राह्मण राजू चौबे,शहादत अली,महताब खान, सफात अली,राजेश पांडे,सहित तमाम आम नागरिक गणमान्य हिंदू मुस्लिम वर्ग के लोग शामिल रहें। शांति व्यवस्था हेतु थाना प्रभारी कोरांव नितेंद्र कुमार शुक्ल,अतिरिक्त इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह,सहित तमाम पुलिस बल महिला पुरुष कार्यक्रम को अंजाम दिलाए।



## छुटटा मवेशियों की मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में बाढ गंदगी से जीना हराम

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में इन दिनों आवारा पशुओं की बाढ आ जाने से पूरे क्षेत्र में गंदगियों का बोलबाला है। जिससे राह चलना मुश्किल हो गया है। बताया गया है कि कहीं से कोई आवारा पशुओं को लाकर नगर पंचायत मऊआइमा क्षेत्र में छोड दिया है। जिससे नगर पंचायत मऊआइमा में छुटटा मवेशियों के झुंड ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। बताया गया है कि दर्जनों की संख्या में मवेशियों के झुंड सड़कों एंव लोगों के घरों के सामने गोबर कर देने से लोगों को बडी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।सफाई कर्मचारी भी गोबर साफ नहीं करते । बताया गया है कि इन आवारा पशुओं को भगाने पर यह लोगों के ऊपर हमलावर हो जाते हैं। मवेशियों से जहां नगर पंचायत क्षेत्र के लोग आजिज आ चुके हैं । बताया गया है कि देर रात में बडी संख्या में मवेशियों का झुंड नगर पंचायत क्षेत्र में प्रवेश कर और वृद्धि कर देते हैं। और सारी रात पूरे क्षेत्र में घूम घूम कर लोगों के दरवाजों, चबूतरों आदि स्थानों पर गंदगी फैला देते हैं। बताते हैं कि यह आवारा मवेशी दिन रात लोगों के लिए सिर दर्द बन गए हैं।बीच सड़कों पर बैठ जाने से आवागमन प्रभावित होता है। इस बाबत नगर पंचायत कार्यालय द्वारा बताया गया है कि यहां गौ शाला नहीं है।

## जश्न के साथ मना मोहम्मद साहब का जन्मदिन, निकाला गया भव्य जुलूस

**सहसों।** जश्न ए ईद मिलादुन्नबी पाक त्योहार पर मदरसा के छात्र एवं मौलाना, मौलवी द्वारा भव्य जुलूस निकाल कर बड़े ही धूमधाम से मोहम्मद साहब का जन्मदिन मनाया गया। जुलूस को भोपतपुर स्थित मदरसा गौसिया कादरिया एवं मदरसा गुलशने बगदाद जग बंधनपुर के प्रबंधक कारी सिद्दीक की अगुवाई में बड़े ही धूमधाम से निकाला गया। जुलूस को दोनों मदरसा के बच्चों, शिक्षकों, मौलवी, मौलाना के द्वारा भोपतपुर से निकाल कर उसरा भोपतपुर, मीरापुर, बहरापुर, जगबंधनपुर, सहसों बाईपास, सहसों बाजार, गोल चौराहा से होते हुए शेख अहमदपुर कर्बला तक ले जाकर समाप्त किया गया। जुलूस में आधा दर्जन आधुनिक वाद्य यंत्रों के साथ मदरसा के छात्रों ने मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर उनकी याद में रवि अव्वल एवं कसीदें पढ़ते हुए चल रहे थे। बीच-बीच में मौलवियों द्वारा तकरीर भी पढ़ा जा रहा था। जुलूस में सहसों, शेख अहमदपुर, मीरापुर, भोपतपुर उसरा, जग बंधनपुर, चकिया घरहरा आदि गांव के लोगों ने पहुंचकर शिरकत किया। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता हलीम अंसारी, गुलाम सरवर अंसारी, डॉक्टर कुद्दूस आलम, बिलाल अहमद, रब्बानी, अकबर अली, डॉक्टर महमूद आलम, डा सूफी, छोट्टन अली, आदि लोग शामिल रहे।




## आदर्श रामलीला कमेटी सहसों की बैठक में नई कमेटी का हुआ गठन

**सहसों।** आदर्श रामलीला कमेटी सहसों की बैठक आयोजित कर नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सकुशल राम लीला का मंचन संपन्न हो सके इसके लिए नई कमेटी में संरक्षक राम विशाल सिंह, अनिरुद्ध सिंह, कैलाश चन्द्र केसरवानी, आशीष केसरवानी, धरणीधर द्विवेदी, चंद्रेश केसरवानी एवं मान सिंह यादव आदि उपाध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी, जय कृष्ण सोनी, महामंत्री विजय कुमार केसरवानी, कोषाध्यक्ष शिव बाबू केसरवानी, प्रबंधक अनुराग सिंह अन्न , उप प्रबंधक पिंटू केसरवानी, मीडिया जयेश केसरवानी, मंच व्यवस्थापक नरेंद्र केसरवानी, राम गोपाल, फूलचंद साहू , आदि को जिम्मेदारी सौंपी गई। कमेटी द्वारा लीला मंचन की शुरूवात 5 अक्टूबर को कर्ण घोड़ा निकाल कर किया जाएगा तथा 6 अक्टूबर को मुकुट पूजन, 17 अक्टूबर को दशहरा एवं मेला, 18 अक्टूबर को भारत मिलाप का आयोजन किया जाएगा।

# ओयो होटल में प्रेमी ने प्रेमिका का गला दबाकर की हत्या

**सोमवार को विवाहिता के हत्यारे को पुलिस ने भेजा जेल**

**अखंड भारत संदेश**







**सोरांव।** थाना क्षेत्र के उसरही गांव के पास स्थित राम जानकी वाटिका में ओयो होटल संचालित होता है। जिसमें रविवार को दोपहर करीब 12 बजे एक महिला अपने प्रेमी के साथ आई हुई थी। तभी करीब दोपहर 3 बजे सोरांव पुलिस को सूचना मिली कि एक प्रेमी ने ओयो होटल में प्रेमिका की हत्या कर दिया है। जबकि ओयो होटल के संचालक राहुल पटेल ओयो होटल में मौजूद रहे। मौके पर सोराव पुलिस पहुंची और मृतका के पति संग मायके में सूचना दिया। मौके पर पति राम आसरे पहुंचकर शव की शिनाख्त किया। पति ने पुलिस को लिखित तहरीर दिए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतिका का पति राज मिस्त्री का कार्य करता है। सुमन देवी 35 निवासिनी सराय गोपाल भदरी की शादी करीब 15 साल पहले सोराव थाना क्षेत्र के बलकरणपुर ठगहा गांव निवासी रामाश्रय के साथ हुई थी। कुछ दिन तक तक तो सब कुछ सही रहा लेकिन पिछले 2 साल से पति पत्नी के बीच विवाद होने से महिला अपने ससुराल न जाकर मायके अपने 12 वर्षीय पुत्र आकाश के साथ सराय गोपाल भदरी गांव में रह रही थी। रविवार को शिवगढ़ के समीप स्थित राम जानकी वाटिका में संचालित होटल में ओयो होटल में अपने प्रेमी विवेक कुमार निवासी बढ़ाइया के साथ आई हुई थी। आरोप है कि प्रेमिका ने प्रेमी से पांच लाख रुपए की मांग किया। जिससे गुस्साए प्रेमी ने गला दबाकर प्रेमिका की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार हत्या के पश्चात प्रेमी सोरांव पुलिस को सूचना देकर थाने पर आत्म समर्पण कर दिया। और महिला के शव को पंचनामा करते हुए पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सोमवार को विवाहिता के हत्यारे को पुलिस ने मृतिका के पिता संत लाल के तहरीर पर हत्या का मुकदमा लिख कर जेल भेज दिया। इधर देर शाम शव को पोस्टमार्टम से लाने के बाद मृतिका के परिवार वालों ने रसूलाबाद में दाह संस्कार कर दिए।

## गंगा में उतराया युवक का मिला शव , मची खलबली, नहीं हुई शिनाख्त

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के पुरानी झूंसी कोहना गांव में गंगातट के किनारे सोमवार की सुबह एक युवक का उतराया हुआ शव मिलने से खलबली मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया। देर शाम तक युवक के शव की ?शिनाख्त नहीं हो सकी थी। सुबह तकरीबन आठ बजे पुरानी झूंसी कोहना के गंगातट के पास ग्रामीणों ने एक युवक का उतराया हुआ शव देखा था। युवक के बदन पर जींस की हॉफ पैंट और ऊपर सफेद रंग की बनियान थी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया। एसओ झूंसी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तकरीबन 30 वर्षीय युवक का शव तीन से चार दिन पुराना लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर साफ हो सकेगा कि युवक की मौत कैसे हुई। मौके पर ग्रामीण भी भारी संख्या में जुट गए थे।

**न्यूज झरोखा**

## आशुतोष मेमोरियल में दो दिवसीय शिक्षक दक्षता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन



**प्रयागराज।** धनैचा-मलखानपुर स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल में उत्कृष्टता केन्द्र प्रयागराज के सौजन्य से दो दिवसीय शिक्षक दक्षता संवर्धन कार्यशाला का सफल आयोजन किया। इस कार्यशाला में महाप्रभु पब्लिक स्कूल प्रयागराज की प्राचार्या रविन्द्र पाल विरधी एवं विवेकानन्द एकेडमी मिजार्पुर के प्राचार्य सुजाय चक्रवर्ती ने विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रयागराज के सुदूर अँचलों के सीङ्ग बीङ्ग एसङ्ग ईङ्ग सम्बद्ध विद्यालय के 60 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं को "कक्षा प्रबन्धन" विषय से जुड़े विविध आयामों की विस्तृत व्याख्या करते हुए बताया कि किस प्रकार कक्षा में शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के मानसिक एवं भावनात्मक विकास की प्रविधियाँ अपनाई जानी चाहिए। उत्कृष्टता केन्द्र द्वारा प्रदत्त अभ्यास प्रपत्रों (हैंड आउट्स) के द्वारा सफल कक्षा प्रबन्धन के रचनात्मक एवं कारगर नियमावलियों की संरचना के महत्वपूर्ण विषय पर प्रतिभागियों के साथ प्रभावी चर्चा की गई। इस बात पर भी विस्तृत चर्चा की गई कि उच्छृंखल एवं शांत स्वभावगत विशेषताओं से युक्त एक ही कक्षा में अनुशासन एवं विद्यार्थियों में बोधगम्यता की प्रवृत्ति का विकास किस प्रकार किया जा सकता है। कार्यक्रम की अनवरतता के मध्य उत्कृष्टता केन्द्र के अनुभाग अधिकारी नाग्नेश्वर शर्मा जी का भी आगमन हुआ जिससे सभी शिक्षक प्रतिभागी उत्साहित हुए। विद्यालय प्रबन्धन की ओर नाग्नेश्वर शर्मा जी का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यशाला के समापन सत्र के अवसर पर सेन्ट्रल एकेडमी सीनियर सेकण्डरी स्कूल झूंसी के प्राचार्य आनन्दजी पाण्डेय, सीङ्ग एमङ्ग सीङ्ग धूरपुर के अनुराग जी पाण्डेय एवं सेन्ट्रल एकेड?मी सरायइनायत की प्राचार्या रिचा त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति में स्कूल के निदेशक डा० गिरीश पाण्डेय ने दोनों विषय विशेषज्ञों रविन्द्र पाल विरधी एवं सुजोय चक्रवर्ती तथा बाहर से आये सभी शिक्षक प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## रिजर्व पुलिस लाइन के लिए किया गया भूमि पूजन, मेला सकुशल संपन्न कराने के लिए की प्रार्थना



**प्रयागराज।** परेड मैदान में महाकुंभ 2025 के लिए रिजर्व पुलिस लाइन की भूमि का पूजन सोमवार को किया गया। कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद, पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा समेत तमाम अधिकारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से पूजा कर आरती उतारी। ईश्वर से महाकुंभ को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रार्थना की।पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा ने कहा कि पुलिस लाइंस की भूमि का पूजन साधु-संतों की मौजूदगी में किया गया। साधु संतों और ईश्वर से मेले को सकुलशल संपन्न कराने का आशीर्वाद मांगा गया। उन्होंने कहा कि संगम स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधा और सहूलियत मिले यही हमारी प्राथमिकता है। पिछले कुंभ की अपेक्षा आने वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक रहेगी। साथ ही पार्किंग के एरिया में भी पहले की तुलना में काफी वृद्धि होगी। स्नान घाट भी पहले से ज्यादा बनाए जाएंगे। सुविधाएं भी ज्यादा दी जाएंगी।कहा कि भीड़ का आकलन करने के लिए एआई तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ रखना प्राथमिकता है, ताकि आने वाले किसी भी श्रद्धालु को परेशानियों का सामना न करना पड़े। किसी भी आपदा से निबटने के लिए आपदा प्रबंधन टीम पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी. पुलिस, एटीएस, एसटीएफ सबके सहयोग से मेले को सकुशल संपन्न कराया जाएगा।

# खतरे के निशान के पास पहुंचकर स्थिर हुई गंगा, यमुना की रफ्तार भी थमी, एनडीआरएफ की टीम मुस्तैद



**प्रयागराज।** सोमवार को भी गंगा और यमुना के जलस्तर में वृद्धि लगातार जारी रही, हालांकि दोपहर 12 बजे की बुलेटिन के अनुसार गंगा फिलहाल स्थिर हो गई हैं। साथ ही यमुना की रफ्तार भी थम गई है। सिंचाई विभाग बाढ़ खंड की बुलेटिन के अनुसार फाफामऊ में गंगा 84.07 मीटर, छतनाग में में 83.41 मीटर पर बह रही हैं। इसी तरह यमुना का जलस्तर नैनी में 83.91 मीटर रिकॉर्ड किया गया। 24 घंटे में गंगा में 21 और यमुना में 39 सेंटीमीटर की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। डेंजर लेबल 84.734 मीटर है। इस हफ्ते हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश हुई तो गंगा और यमुना नदी का जलस्तर बढ़ गया। शुक्रवार सुबह फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 79.58 मीटर था, छतनाग में 78.10 मीटर और नैनी में यमुना का जलस्तर 79.35 मीटर था। शनिवार को गंगा उफान पर आ गई। इससे संगम क्षेत्र डूब गया। किला की दीवार से होते हुए बांध के नीचे पानी भर गया। रात आठ बजे तक छतनाग में गंगा का जलस्तर 4.51 मीटर बढ़कर 82.61 मीटर हो गया है। इसके बाद यमुना में तेजी से पानी बढ़ा। इसकी सहायक नदियां चंबल, केन और बेतवा भी उफान पर हैं। कई जिलों से होते हुए प्रयागराज में पानी पहुंचा तो वह बाढ़ का रूप ले लिया। यमुना के सापेक्ष शुक्रवार को गंगा का पानी धीमी गति से बढ़ा। यमुना का वेग इतना तेज था कि रात तक लेटे हनुमानजी डूब गए।सुबह तक मंदिर परिसर में कमर तक पानी भर गया।फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 3.34 मीटर बढ़कर 82.92 मीटर हो गया है। वहीं, नैनी में यमुना का जलस्तर 3.69 मीटर बढ़कर 83.03 मीटर हो गया है। बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता डीएन शुक्ला ने बताया कि यमुना धीमी हुई है और गंगा बढ़ रही है। रविवार के बाद पानी कम होने की संभावना है।

**खतरे के निशान से करीब गंगा-यमुना :** गंगा-यमुना का जलस्तर लगातार खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा है। सिंचाई विभाग का बाढ़ खंड इसकी निगरानी कर रहा है। यहां खतरे का निशान 84.73 मीटर है। जिस गति से गंगा-यमुना का जलस्तर दो दिन में बढ़ा है, अगर वही गति कायम रही तो तटीय मोहल्लों के घरों में पानी भर जाएगा।

**जलस्तर में वृद्धि लगातार जारी :** सिंचाई विभाग बाढ़ खंड की बुलेटिन के अनुसार रविवार को दोपहर 12 बजे की गई निगरानी के अनुसार फाफामऊ में गंगा के जलस्तर में वृद्धि जारी है। यहां पर जलस्तर 83.88 मीटर पर बह रही हैं, जो खतरे के निशान से कुछ ही नीचे है। इसी तरह छतनाक में गंगा जलस्तर 83.09 मीटर है और लगातार वृद्धि जारी है। इसी तरह नैनी में यमुना का चलस्तर 83.71 मीटर है और लगातार वृद्धि जारी है। गंगा और यमुना करीब 10 सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ रही हैं। खतरे का निशान 84.734 मीटर है।

## महाविद्यालय के दो छात्राओं को मिला विश्व विद्यालय के 7 वें दीक्षांत में पदक



**नैनी।** नैनी प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय में सम्पन्न सप्तम दीक्षांत समारोह में हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी की दर्शनशास्त्र विभाग की परास्नातक की छात्रा अमृता सिंह को रजत पदक व महक पांडे को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। दर्शनशास्त्र विभाग की एक बड़ी उपलब्धि यह है कि इसमे केवल मानविकी के विषय से स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी ही नहीं आते अपितुअन्य संकाय जैसे विज्ञान एवं अन्य संस्थान आईटीआई से उत्तीर्ण विद्यार्थी दर्शनशास्त्र विषय में प्रवेश लेते हैं। इन दोनों छात्राओ ने दर्शनशास्त्र विभाग के साथ साथ महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेश जैन, परीक्षा प्रभारी डॉ नीतू सिंह, दर्शनशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ रामकुमार सिंह, डॉ अमित कुमार मिश्र, डॉ अवधेश आर्य, डॉ इन्दु प्रकाश सिंह एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों की ओर से इनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# जिलाधिकारी ने छोटा बघाड़ा सहित अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का लिया जायजा

**जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर स्थिति का जायजा लेते रहने एवं सभी आवश्यक व्यवस्थायें निरंतर सुनिश्चित बनाये रखने के दिए निर्देश, बाढ़ आपदा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका नम्बरः- 0532-2641577 एवं 0532-2641578 है**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने सोमवार को बक्शी बांध पहुंचकर वहां से नाव के द्वारा छोटा एवं बड़ा बघाड़ा सहित अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे लोगो से बातचीत की तथा उन लोगो को प्रशासन के द्वारा बनाये गये बाढ़ राहत शिविर में जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत शिविर में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो लोग अभी भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में रह रहे है, उनके लिए खाने का पैकेट सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें तत्काल सुनिश्चित करा ली जाये। उन्होंने कहा कि 7 बाढ़ राहत शिविर बनाये गये है, जहां पर बाढ़ से प्रभावित लोगो के लिए खाना, नाश्ता, पानी, प्रकाश, दवाएं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन के अधिकारी एवं एनडीआरफ की टीम निरंतर बाढ़ क्षेत्रों का भ्रमण कर बाढ़ से प्रभावित लोगो की मदद कर रहे है। उन्होंने कहा कि जल पुलिस तथा सामान्य पुलिस भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर निगरानी रख रही है। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर स्थिति का जायजा लेते रहने के निर्देश दिए है साथ ही साथ उन्होंने नाव, दवाईयां, राशन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें निरंतर सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के लिए भी चारा इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए है। बाढ़ से सम्बंधित कोई सूचना देने के लिए बाढ़ आपदा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका नम्बरः- 0532-2641577 एवं 0532-2641578 है। इस अवसर पर नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह, एसडीएम सदर अभिषेक सिंह, एनडीआरएफ के अधिकारीगण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## तलवार से युवक पर हमला, गला रेता

**दाह संस्कार के दौरान मारपीट से अफरातफरी, चाकू लेकर दौड़ाया**



**नैनी।** शव के दाह संस्कार के दौरान विवाद के बाद जमकर मारपीट हुई। हमलावरों ने एक युवक पर तलवार व चाकू से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। तलवार से उसकी गर्दन रेतने की कोशिश की गई। हमलावरों से बचता हुआ युवक खून से लथपथ अपने घर की तरफ भागा तब उसकी जान बच सकी। सरेमआम मारपीट से हंगामा मच गया। घटना का वीडियो भी समाने आया है। पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।नैनी कोतवाली के शिवनगर इलाके मे रहने वाले स्व. रज्जन शर्मा के दो बेटों मे बड़ा बेटा शुभम शर्मा पूना की प्राइवेट कम्पनी में नौकरी करता है। जबकि छोटा बेटा शिवम शर्मा अपनी मां के साथ घर पर ही रखकर गिट्टी बालू बेचने का काम करता है। घरवालों के मुताबिक शिवम पड़ोस में ही रहने वाले रिंकू सिंह चौहान के अंतिम संस्कार में शामिल होने गया था। वहीं पड़ोस के कुछ अन्य लोग भी दाह संस्कार में शामिल होने गए थे। घर में न घुसता तो काट देते : शिवनगर चौराहे पर किसी बात को लेकर शिवम, अतुल और शुभम त्रिपाठी व अन्य युवकों में विवाद हो गया। सभी ने मिलकर शिवम को बुरी तरह से मारा पीटा। युवकों शिवम के गले में तलवार से रेत दिया। इसके साथ ही हांथ और पैर में भी घाव कर दिया। घटना के दौरान सभी वहां से भाग निकले।खून से लथपथ पड़े शिवम को देख आस पड़ोस के लोग उसके घरवालों को खबर दी। मां सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचकर उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल ले जाकर भर्ती करा दिया। एसीपी रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि किसी विवाद को लेकर शिवम पर अतुल और शुभम ने चाकू से हमला कर दिया।घायल को इलाज के लिए एसआरएन भेजा गया है। आरोपी अतुल को गिरफ्तार कर लिया गया है बाकी की तलाश की जा रही है।

## नैनी में गणेश उत्सव में आरती हवन के साथ पूजा हुई समाप्त

**मंगलवार को होगा गणेश जी का विसर्जन, राजेश साहू**



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के शंकरढाल के निकट खुराना मार्केट में चल रहे गणेश उत्सव के दसवे दिन पूजा पंडाल में गणेश जी की पूजा अर्चना के बाद आरती हवन के साथ पूजा हुई समाप्त मंगलवार को होगा गणेश जी का विसर्जन दोपहर में धूमधाम से होगा। समाजसेवी राजेश साहू ने कहा की विघ्नहर्ता भगवान गणेश सभी की मनोकामनाओं को पूर्ण करते है। इस तरह के आयोजन से क्षेत्र में आस्था का माहौल बनता है। गणेश उत्सव के दौरान होंने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम को सराहा। इस मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी राजेश साहू, विनय सिंह, मोनू सिंह, सुनील जायसवाल, संजय मिश्रा, संतोष त्रिपाठी, अतुल केसरवानी, डॉ संदीप पाल, कुलदीप शर्मा, लकी, विनोद केसरवानी, टुनटुन पांडे, अमित सिंह, पप्पू साहू, विशाल गुप्ता, विकास गुप्ता, रितेश गुप्ता, विजय गुप्ता, रजत द्विवेदी, राजा केसरवानी, संजू विश्वकर्मा आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# सरकार की आमद से गूंजा इलाका जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर निकाला गया जुलूस



**झूंसी।** इस्लामी कैलेंडर के बारहवीं तारीख को मोहम्मद साहब का जन्मदिन है। इस खुशी में मुसलमान इस तारीख को खुशियों के साथ मनाते हैं। लोग अच्छे कपड़े इस्लामी झंडा व तिरंगा झंडा लेकर घरों से बाहर निकले। हुजूर की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा के नारे लगाते हुए सैकड़ो की संख्या में जीटी रोड झूसी पहुंचे। नई झूंसी व पुरानी झूंसी का जुलूस एक होकर जीटी रोड झूंसी से होते हुए त्रिवेणीपुरम पहुंचा। वहां से वापस होकर अपने-अपने घरों को लौट गए। इस दौरान हुजूर की शान में नात व कसीदे पढ़े गए। झूंसी थाना अध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह व कोहना पार्षद अनिल कुमार यादव धुन्नू को सम्मानित किया गया। जुलूस का नेतृत्व मोहम्मद रकीब ने किया। इस मौके पर सरवर अली, तारिक महमूद, इस्तेखार अहमद, मोहम्मद तौहीद, नसीब खान, तबीब खान ,रिजवान अहमद ,खुर्शीद अहमद ,पूर्व सभासद नाज, नुरुल अमीन, इमरान अहमद, होदा, अनीस अहमद, कमर अशफाक, इशरत अली, इमरान, जैद ,माहद सिद्दीकी सहित हजारों लोगों ने शिरकत की। वहीं थाना अध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह चौकी इंचार्ज नई झूसी सूर्य प्रताप सिंह फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## बस खलासी को उतार कर जम कर पीटा गया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बस खलासी को उतार कर कतिपय लोगों ने जमकर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दिए।भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। फाफामऊ के चन्दा पुर मलाक हर हर निवासी मोहम्मद अबू शाद पुत्र अफसर अहमद का कहना है कि वह प्राइवेट बस पर प्रयागराज से जेठवारा प्रतापगढ़ मार्ग पर बस का खलासी है। प्रतापगढ़ से वापसी के समय जब बस मऊआइमा के ग्राम जाजापुर के पास पहुंची तो बस एक सवारी ने रूकवाकर लिया। मोहम्मद अबू शाद का आरोप है कि उसे गालियां देते हुए बुरी तरह मारा पीटा गया और सजान से मारने की धमकी दी गई। मोहम्मद अबू शाद ने मऊआइमा थाने में कौशर ग्राम चंदा पुर मलाक हर हर तथा विवेक ग्राम बेलखरिया का पूरा मऊआइमा तथा दो अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में लगी है।

# नैनी में शान ओ शौकत के साथ निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस




**नैनी।** नैनी में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस अपनी सानो शौकत के साथ निकला। पूरे देश में इस्लाम के आखरी पैगम्बर मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश का जुलूस बड़े धूम धाम से मनाया गया। इस बार नैनी मे ईद मिलादुन्नबी का जुलूस ऐतिहासिक जुलूस रहा। जुलूस नैनी के गंजिया, मुरादपुर, अरैल, कर्बला, फतेह मिया का पुरवा, शाह जी का पुरा, ए डी ए, पी ए सी, महेवा इंदलपुर से आकर अरैल मोड़ पर इकट्ठा होकर एक सफ में पैगम्बर साहब के ऊपर दारूद पढ़ते हुए उनकी हमदोसना करते हुए डीजे व झांकी लेकर पैदल चकदोंदी के रास्ते होते हुए स्टेशन रोड से बाजार होते हुए शंकरढाल से पुनः अरैल मोड़ आकर फातिहा पढ़ते वही जुलूस मे हर एक क्षेत्र के आशिके रसूल को सम्मानित किया गया। जुलूस में आये हुये अकीदतमंदों ने अमन चैन का पैगाम देते हुये भारत देश की तरक्की का व आपसी भाई चारे बना रहे इसकी दुआ की फिर जुलूस की रवानगी की। इस मौके पर व्यापारी नेता नाजिम खान ने कहा की पूरे यमुनापार का इतिहास रहा है कि यहाँ पर हर त्यौहार पर गंगा जमुनी तहजीब कि मिसाल पेश होती है हमेशा आपसी सद्भाव बना रहता है।इस जुलूस में सांसद उज्जवल रमन भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जुलूस में कारी युसूफ साहब, कारी अय्यूब साहब, आलिम साहब, नाजिम खान, पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल, हासिम खान, मो. अनस, मो अरशद, मोहम्मद तारिक, मो. फरहान, मोहसिम खान , शहजाद खान, अनस रजा, हलीम भाई, मो नसीम, शानू कुरैसी, मो शकील, दाऊद कुरैशी, इस्तियाक अली, मो, इसरार, कुतुब, सलमान खान, व सभी आशिके रसूल मौजूद रहे।



कांति सिंह।

## कांति सिंह बनी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह द्वारा कांति सिंह पूर्व एमएलसी लखनऊ को समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया। इसके बाद समर्थकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। बता दें कि कांति सिंह प्रतापगढ़ के सांसद डॉ एसपी पटेल की पत्नी हैं।

# पोषण की कमी से होती है एनीमिया और पीसीओडी बीमारियां

### पढ़ाई भी, पोषण भी थीम पर साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में हुई कार्यशाला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वाओ एजुकेशन और एनएसएस साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में पोषण माह के अवसर पर पढ़ाई भी, पोषण भी थीम पर आधारित एक विशेष और प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना और उनके आहार को संतुलित और पौष्टिक बनाना था।

इस सफल आयोजन में सौ से अधिक माताओं ने भाग लिया और महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। वाओ एजुकेशन के इस पहल को सभी ने सराहा और इसे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए एक क्रांतिकारी कदम माना। कार्यशाला की शुरुआत साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज, दहिलमऊ, प्रतापगढ़ की गृह विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रभा भारती और डॉ. ज्योति सिंह द्वारा पोषण और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सत्रों से हुई। दोनों विशेषज्ञों ने महिलाओं और बच्चों के पोषण की अहमियत पर जोर दिया और पोषण की कमी से होने वाली बीमारियों जैसे एनीमिया और पीसीओडी के समाधान साझा किए। डॉ. प्रभा भारती ने भारत सरकार के पोषण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है जो महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए काम कर रही है। डॉ. ज्योति सिंह ने कहा कि अक्सर माताओं की सेहत को अनदेखा कर दिया जाता है, जबकि एक स्वस्थ माँ ही स्वस्थ परिवार की नींव होती है। इसके बाद वाओ एजुकेशन की निदेशक और पोषण विशेषज्ञ उपहार लता श्रीवास्तव और लखनऊ के पूर्व छात्र आदिनाथ सिंह ने लाइव कुकिंग सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में उन्होंने स्वस्थ, स्वादिष्ट और आसानी से तैयार होने वाली रेसिपीज़ का प्रदर्शन किया, जिससे सभी प्रतिभागी अत्यंत प्रभावित हुए। नीतू वर्मा, जो कि वाओ एजुकेशन में पढ़ रहे एक विद्यार्थी की माता हैं, ने घर पर बनाई गई हेल्दी स्टफ्ड इडली की रेसिपी साझा की, जिसे सभी ने बहुत सराहा। विद्यालय की शिक्षिकाओं वंदना मिश्रा, दिव्या पांडे, आराधना मिश्रा, सुषमा सिंह ने भी अपने घर पर बनाए गए स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन लाकर प्रतिभागियों के साथ साझा किए। उपहार लता श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों की शैक्षणिक प्रगति का सीधा संबंध उनके पोषण स्तर से होता है। कार्यशाला के अंत में आदिनाथ सिंह, समन्वयक, वाओ एजुकेशन, ने सभी प्रतिभागियों, साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज के एसएसएस समन्वयक डॉ. अनंत प्रकाश शुक्ला, डॉ. प्रतिभा मिश्रा, डॉ. प्रभा भारती और डॉ. ज्योति सिंह का धन्यवाद व्यक्त किया।



कार्यशाला में माताओं को जागरुकता की जानकारी देते अतिथिगण।

## जूबाए के चुनाव कार्यक्रम की तिथि घोषित

**प्रतापगढ़।** जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के कार्यालय पर एल्डर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य जगत बहादुर सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के कार्यकारिणी वर्ष 2024-2025 के चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से चुनाव कार्यक्रम के तिथियों की घोषणा की गई जिसमें 30 सितम्बर को मतदाता सूची का प्रकाशन, 4 व 5 अक्टूबर को नामांकन तिथि, 6 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच, 7 अक्टूबर को नामांकन पत्र की वापसी व 23 अक्टूबर को मतदान की तिथि घोषित की गई। बैठक में एल्डर कमेटी के सदस्य मोहम्मद रफीक खान, श्रीनाथ गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद सिंह दाढ़ी व जूनियर बार पुरातन के पूर्व अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

# आज से शुरु होगा स्वच्छता ही सेवा पर स्वास्थ्य पखवारा

### बेल्हा देवी में आज स्वच्छता की ली जाएगी शपथ, होगी सफाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के सभागार में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक स्वास्थ्य पखवारा मनाने पर विस्तृत चर्चा की गई तथा पखवारे में स्वच्छता ही सेवा है की परिकल्पना पर केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार ने विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है जिसमें स्वभाव में स्वच्छता और संस्कार में स्वच्छता का लक्ष्य बनाकर चौपालों, नुक्कड़ नाटकों से जागरुकता की जाएगी।

नगर पालिका परिसर में आज अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में नगर स्वास्थ्य अधिकारी प्रवीण कुमार ने विस्तार से कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत बेल्हा देवी घाट से की जाएगी जिसमें सफाई पर प्रतिज्ञा लेने व घाटों की सफाई का कार्य किया जाएगा। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि हर वार्ड में गंदगी के स्थान को ब्लैक स्पॉट का चिन्हीकरण कर उसकी विधिवत साफ-सफाई कर उसकी फोटो अपलोड कर शासन को रोज भेजी जाएगी। इस पखवारे में मैराथन दौड़ व स्वच्छता के साथ प्रश्नोत्तरी भी की जाएगी। दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन पर अच्छे कर्मचारियों व सफाई नायकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर जल कल विभाग के जेई सभापति यादव, सफाई प्रभारी अजीत कुमार व सफाई नायक मौजूद रहे।





नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद ईओ व नगर स्वास्थ्य अधिकारी।

# देश की तरक्की और खुशहाली में सभी का है मजबूत योगदानः मोना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने सोमवार को नगर पंचायत के खानापटटी में उर्स अतीकी पर चादरपोशी की।

उन्होनें लालगंज ब्लाक के सराय जानमती तथा उधरनपुर में सशक्तीकरण कार्यक्रम में महिलाओं की हौसला आफजाई की। विधायक ने एक दिवसीय दौरे में लालगंज कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई भी की। वह कार्यकर्ताओं से भी मिलकर क्षेत्रीय विकास की प्रगति से रूबरू हुई। खानापटटी स्थित दारूल उलूम बाबनुनवी में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अतीके उर्स पर हजरत अतीक साहब की मजार पर स्वयं तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की ओर से चादरपोशी व गुलपोशी की। यहां जलसे में विधायक मोना ने कहा कि मुल्क की तरक्की में सभी का मिलजुलकर योगदान है। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, भुवनेश्वर शुक्ल, केडी मिश्र, पप्पू तिवारी, राकेश चतुर्वेदी, अतुल शुक्ल, त्रिभु तिवारी, अभिनव शुक्ल, विनय पाण्डेय, मुरलीधर तिवारी, आशीष तिवारी, बबलू तिवारी, सत्येन्द्र सिंह, रामबोध शुक्ल आदि रहे।

# कांग्रेस पार्टी में सभी वर्गों का सम्मान सुरक्षितः नीरज त्रिपाठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रानीगंज विधान सभा अंतर्गत विकास खंड शिवगढ़ के ग्रामसभा हथौड़ा सराय व बाबा बेलखरनाथ धाम के उड़ैयाडीह बाजार में ब्लॉक स्तरीय संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। बैठकों की अध्यक्षयता कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने की। बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमे सभी वर्गो का सम्मान सुरक्षित है स उन्होंने कहा कि बूथ से लेकर जिले तक संगठन को मजबूत किये जाने की जरूरत है।

सक्रिय लोगों को संगठन में जोड़कर जिम्मेदारी देनी होगी तभी संगठन मजबूत होगा। जिलाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि जो लोग कांग्रेस की विचारधारा से इत्तिफ़ाक़ रखते हों वे स्वयं आगे आकर अपनी इच्छा व्यक्त करें जिससे कि उन्हें जिम्मेदारी देकर कांग्रेस को मजबूती प्रदान की जा सके। इस अवसर पर प्रदेश सचिव बृजेन्द्र मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.वी.के.सिंह, जिला सचिव सुरेश मिश्र,शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष आशीष तिवारी बेलखरनाथ ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश पांडे, विमल सिंह, अरविन्द तिवारी, नूर आलम,सागर सिंह,श्री राम वर्मा, मुर्तजा अली, संदीप कुमार वर्मा, नंदलाल बनवासी, जयंती प्रसाद चोपई, राजेंद्र प्रसाद पांडे, घनश्याम पांडे, गुरुप्रसाद तिवारी, रामेश्वर प्रसाद पांडे, रामप्रकाश मिश्रा, बड़े लाल शर्मा, रामजीवन बालमुकुंद उमरवैश्य, निजामुद्दीन, राजू सिंह हामिद अली, सलमान खान, रोहित कुमार ओझा, राधेश्याम पटेल, सतीश चंद्र पटेल, मठिाई लाल गौतम, वाजिद अली, रामकुमार पटेल, मगन पटेल, लाल बहादुर पटेल, रामचंद्र पटेल ,लव कुश पटेल, आशीष पटेल, अनिल पटेल, संतोष कुमार पाल, राज बहादुर, बृजेश विश्वकर्मा, माणिक चंद्र पाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# शानो शौकत से निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

### अंजुमन गुलामाने रसूल व कारिए-मिल्लत ने निकाला जुलूस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर में मोहम्मद साहब की शान में शानो शौकत से जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से निकाला गया। इस दौरान लंगर का भी वितरण किया गया। जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिकोण से प्रशासन भी मौजूद रहा।

मौलाना मेराज अहमद हबीबी प्रबन्धक मदरसा दारूल उलूम गुलशने मदीना की अगुवाई में जोहर की नमाज के बाद दोपहर दो बजे अंजुमन गुलामाने रसूल गुलशने मदीना व अंजुमन कारिए-मिल्लत, पल्टन बाजार के द्वारा जुलूसे मोहम्मदी का जुलूस शानो शौकत से पल्टन बाजार से निकाला गया। यह जुलूस ट्रेजरी चैराहा, राजापाल टंकी, बकरा मण्डी, बेगम वार्ड, कपूर चैराहा, सिप्तैन रोड, जामा मस्जिद, चैक घंटाघर होते हुए जुलूस नसीर इलेक्ट्रिक श्रीराम तिराहा पहुंचा। यहां पर जुलूस जलसा में तब्दील हो गया। जलसे में मदरसे के प्रधानाचार्य मौलाना मुख्तार अहमद हबीबी ने कहा कि इस्लाम के संस्थापक मोहम्मद सल्ल0 अलैह वसल्लम अल्लाह का संदेश देने के लिये इस धरती पर आए थे क्योंकि उस समय लोगों में शराबखोरी, जुआखोरी, लूटमार थी। ऐसे माहौल में हमारे नबी ने जन्म लेकर लोगों को अल्लाह का संदेश दिया। जलसे में मुफ्ती मोहम्मद सलीम मिस्बाही ने कहा कि मोहम्मद साहब 571 ईसवी में म मक्के की सरजमीं पर तशरीफ लाए जिन्होंने इंसानियत का पैगाम दिया। इसके बाद जलूस श्रीराम तिराहा से निकलकर स्टेशन रोड, पुराना माल गोदाम, भंगवा चुंगी, बलीपुर होते हुए गुलशने मदीना, पल्टन बाजार में खत्म हुआ। जुलूस में एजाज अहमद, मोहम्मद आजाद, मौलाना अनीस, मौलाना इरशाद, रौशन अली, मो0 महताब आलम, रेहान अहमद, मोहम्मद अयाज उर्फ मोनू, हाफिज मो0 दाऊद, रिजवान अहमद, कदीम अहमद, मो0 फिरोज आदि लोग मौजूद रहे।



जुलूस में शाामिल मौलाना मेराज अहमद व मौलाना मुख्तार अहमद।

## हिनाहू के वैभव ने झांसी में कराटे चैंपियनशिप में मारी बाजी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा तहसील के ब्लाक कालाकांकर के हिनाहु गांव निवासी वैभव पाण्डेय सीएमएस महानगर लखनऊ में कक्षा 11 में शिक्षा ग्रहण कर रहा है। 11 सितंबर से 14 सितंबर 24 तक झांसी में आयोजित सीआईएससीई स्कूल गेम्स नेशनल कराटे चैंपियन शिप में अंडर 17 अंडर 78 केजी वर्ग में महाराष्ट्र को हराकर स्वर्ण पदक जीतकर नेशनल स्कूल गेम्स के लिए क्वालीफाई किया जो स्कूल गेम्स फ्रेंडेंशन ऑफ़ इंडिया(एसजीएफआई) द्वारा आयोजित किया। वैभव की इस सफलता ने परिवार के साथ स्कूल का नाम रोशन किया वैभव की इस सफलता से क्षेत्र व ग्रामवासी गदगद हैं। वैभव के पिता अमित पाण्डेय लखनऊ सचिवालय में सुरेश खन्ना के निजी सचिव है जो परिवार के साथ लखनऊ में रहते है। जिनका बेटा वैभव लखनऊ में शिक्षा ग्रहण कर रहा है। वैभव की इस सफलता पर अमित के घर पर बधाई देने वालो का तांता लगा है वैभव के उज्ज्वल भविष्य की कामना ईश्वर से किया।



मेडल के साथ वैभव पाण्डेय।

# पं. भगवानदीन दुबे ने शिक्षा के क्षेत्र में रखी मजबूत नींव-ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा

### शिक्षकों व समाजविदों तथा मेधावियों को उप राज्यपाल के हाथों मिला सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पहाडपुर स्थित बीडी दुबे इण्टर कालेज में सोमवार को संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय पं. भगवानदीन दुबे की जयन्ती भव्य समारोह के बीच मनायी गयी। संस्थापक दिवस समारोह का शुभारंभ लददाख के उप राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा व डीएम संजीव रंजन ने स्व. भगवानदीन दुबे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

संस्थापक दिवस समारोह के उपलक्ष्य में उप राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा द्वारा विद्यालय में नवनिर्मित भूगोल प्रयोगशाला के भवन का लोकार्पण तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं समाजविदो का सारस्वत सम्मान भी किया गया। वहीं कार्यक्रम में उप राज्यपाल की धर्मपत्नी नीलम मिश्रा ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल तथा पुरस्कार से सम्मानित किया। वही उप राज्यपाल द्वारा पं. भगवानदीन दुबे के कृतित्व व व्यक्तित्व पर आधारित शिक्षक ज्ञानप्रकाश उपाध्याय के प्रधान संपादन में पुस्तक का भी समारोहपूर्वक लोकार्पण हुआ। अतिथि लददाख के उप राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा ने कहा कि उन्नीस सौ बयालिस में स्व. पं. भगवानदीन दुबे द्वारा ग्रामीण अंचल में शिक्षण संस्थान तथा अस्पताल व डाकघर का निर्माण कराकर आजादी की प्रेरणा को जागृति प्रदान की गयी। उन्होने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन मे सफलता के लिए अपने सुनिश्चित ध्येय में लगन तथा संकल्पबद्धता व मेहनत का समावेश होना चाहिए। प्रबन्धक नवीन दुबे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वर्गीय भगवानदीन दुबे के दिखलाये रास्ते पर विद्यालय के चतुर्दिक विकास का संकल्प जताया। प्रधानाचार्य अखिलेश पाण्डेय ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। सह संयोजक नरेन्द्र तिवारी ने आभार प्रकट किया। इस मौके पर माता प्रसाद शुक्ल, राममूर्ति तिवारी, अनिल त्रिपाठी महेश, डॉ. ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी, भानु प्रताप पाण्डेय, डा. पुरूषोत्तम शुक्ल, राजकिशोर शुक्ल, रामअवध त्रिपाठी, विद्युत मिश्र, श्याम नारायण शुक्ल आदि रहे।



महामना भगवानदीन दुबे की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते उप राज्यपाल बीडी मिश्रा।

## प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष के रूप में सम्मानित हुए डीएम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संस्थापक दिवस समारोह में जिले के डीएम संजीव रंजन का कालेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष के रूप में गर्मजोशी से स्वागत हुआ दिखा। स्वयं उप राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा की धर्मपत्नी नीलम मिश्रा ने विद्यालय परिवार की ओर से प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष के रूप में डीएम संजीव रंजन को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। वहीं डीएम भी उप राज्यपाल के द्वारा आत्मीय सानिध्य पाकर गदगद दिखे। डीएम संजीव रंजन ने अपने भाषण में उप राज्यपाल का स्वागत करते हुए कहा कि एलजी के बगल मंच पर बैठना उनके लिए गौरवपूर्ण क्षण की अनुभूति है।



प्रेसवार्ता करते पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार।

# पुलिस की हत्थे चढ़े तीन साइबर अपराधी व तीन वाहन चोर

### 12 मोटरसाइकिलें बरामद, पुलिस अधीक्षक ने की प्रेसवार्ता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने आज मानधाता थाना व साइबर थाना के संयुक्त प्रयास से तीन साइबर अपराधियों तथा लालगंज में तीन शातिर मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता पर आज पत्रकारों को बताया कि आज मानधाता पुलिस और साइबर थाना के संयुक्त प्रयास से एक कम्पनी के आनलाइन डिलीवरी को कैंसिल कराकर स्वयं द्वारा ग्राहकों को अपना माल पहुंचाकर धोखाधड़ी कर ग्राहकों को ठगने वाले तीन साइबर अपराधियों रजत, राजकमल व अमित को गिरफ्तार कर लिया गया

है। ये अपराधी एक कम्पनी के फैंचाइजी से आर्डर हुए मालों को कैंसिल कराकर अपना माल ग्राहकों को पहुंचा देते थे और ग्राहक समझता था कि मैंने जिस कम्पनी से माल मंगाया है, वह आ गया है।

इस तरह ठगी करने वाले तीनों अपराधी मानधाता पुलिस और साइबर थाना की गिरफ्त में आ गये। इसी प्रकार क्षेत्राधिकारी लालगंज रामसूरत सोनकर के निर्देशन में उप निरीक्षक प्रशांत दुबे द्वारा तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर 12 मोटरसाइकिल, एक तमंचा 12 बोर, एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इनमें अभियुक्त अमित सरोज लूट में वांछित है जिस पर 25 हजार का इनाम घोषित है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों ने पूछताछ में तीनो ने एक सुर में बताया कि साहब चारो साथी अलग अलग जगहो से काफी मोटरसाइकिले चोरी किये है और उनको छिपा कर रख देते है और फिर उनका नंबर प्लेट बदल देते है तथा चेचिस नंबर को मिटा कर दूसरा चेचिस नंबर डाल देते है और फिर भोले भाले ग्राहकों को तलाश कर वाहनों के फर्जी कागज बनाकर उन्हे दिखाते है और बेच देते है। बरामद सभी मोटरसाइकिलें प्रतापगढ़ जिले की ही हैं। पुलिस टीम में उ0नि0 राजेश कुमार यादव मय हमराह उ0नि0 प्रशान्त दुबे मय हमराह का0 छत्रपाल, का0 ऋषिराज यादव, का0 राहुल यादव, का0 सचिन व का0 चालक माधवेश राय थाना लालगंज शामिल रहे।

## मीट विक्रेता से छिनैती करने वाले दो आरोपी धराए

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मरियमपुर गांव में नहर की पटरी पर मीट का व्यवसाय करने वाले दो व्यक्तियों से बाइक सवार बदमाशों ने असलहा सटाकर नगदी व मोबाइल छीन लिया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार को दो नामजद व उसके अन्य साथियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी थी। कोतवाली क्षेत्र के मरियमपुर गांव निवासी संतोष कुमार सरोज गांव के बाहर नहर के किनारे मुर्गा मछली मीट का व्यवसाय करता है। उसी के बगल विजय बहादुर सरोज अंण्डे की दुकान लगाता है। शुक्रवार की रात जब दोनों दुकान बंद करके घर जाने की तैयारी कर रहे थे। आरोप है कि एक बाइक पर दो युवक आए असलहा सटाकर दोनों से नगदी व संतोष सरोज का मोबाइल छीन लिया और श्रीनाथपुर गांव की तरफ भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी राहुल उपाध्याय व श्याम पाठक निवासी श्रीनाथपुर व अन्य के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों नामजद आरोपियों को तमंचा व कारतूस एवं लूट के रुपए के साथ पहलमापुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

# धूमधाम से हुआ गणेश प्रतिमा का विसर्जन भक्तों ने गजानन को दी विदाई

अखंड भारत संदेश






**अझुवा कौशांबी।** गणेश चतुर्थी को स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा का सोमवार को भक्तों ने गाजा बाजा डीजे के साथ कुम्हर गड़वा तालाब में विसर्जन कर दिया इस दौरान भक्तों ने नगर पंचायत की विभिन्न गलियों से जुलूस भी निकाला जिसमें भक्ति गीतों पर अबीर और गुलाल उड़ाकर युवक युवतियां, बच्चे महिलाएं जमकर झूमी विसर्जन के दौरान नगर पंचायत क्षेत्र में बरसात होने लगी लेकिन आस्था के सैलाब को बरसात भी नहीं रोक पाई युवक युवतियां, बच्चे भक्ति गीतों पर बरसात के दौरान भी जमकर झूमते गाते श्रद्धा का भाव प्रकट किया है इसके पहले भगवान गणेश की पूजा सुबह से शुरू हो गई भगवान के दरबार में पुजारी विधि विधान से गणपत की पूजा अर्चना की उसके बाद आरती कर उन्हें भोग लगाया गया दोपहर में नगर पंचायत वार्ड नंबर 2 बरगद के नीचे स्थापित गणेश जी की प्रतिमा,किराना गली में स्थापित गजानन के मूर्ति के सामने अंतिम दिन पूजन,हवन कर उन्हें विदाई दी गई शाम को भगवान गणेश की प्रतिमा को वार्ड नंबर 2 अंबेडकर नगर स्थित कुम्हर गड़वा तालाब घाट पर विसर्जित करने के लिए भक्त निकल पड़े इस दौरान सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रही चौकी प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह और अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# कांस्य पदक जीतकर लौटे पहलवान का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

## पाकिस्तान के पहलवान उफ्फन भट्ट को हराते हुए कांस्य पदक जीता

अखंड भारत संदेश



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कजाकिस्तान में आयोजित वर्ल्ड नोमेड गेम्स में कांस्य पदक जीत कर लौटे पहलवान का ग्रामीणों ने फूलमाला पहना का स्वागत किया। कजाकिस्तान के अस्थाना शहर में 7 सितंबर से 14 सितंबर तक पांचवा वर्ल्ड नोमेड गेम्स आयोजित हुआ। जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे सिराथू तहसील के बम्हरौली गांव के पहलवान अर्जुन तिवारी उर्फ रामकिशन तिवारी ने पाकिस्तान के पहलवान उफ्फन भट्ट को हराते हुए कांस्य पदक जीता था । रविवार को सुबह जब अपने गांव पहुंचे तो टेढ़ीमोड़ चौराहे पर ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने उन्हे जीत की बधाई देते हुए फूल मालाओं से लादकर कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर सचिन केसरवानी, राम जी, शिवकरन यादव, नितिन केसरवानी सहित तमाम समर्थक उपस्थित रहे।

# पश्चिम शरीरा का ऐतिहासिक जलविहार संपन्न



**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा कस्बे में सोमवार को गाजे-बाजे के साथ भगवान श्री बिहारीलाल की झांकी निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान भक्तों ने जगह-जगह बिहारीलाल का स्वागतकर पूजा अर्चना किया।पूरा कस्बा बिहारी लाल के जयकारे से गूंज उठा। देर शाम पश्चिम शरीरा के पिपरा तालाब में बिहारी लाल की झांकी का नौका विहार कराया गया।वही कस्बे के गुड़ मंडी में लगे मेले में बच्चों, महिलाओं व पुरुषों ने झूला का लुप्त उठाया।मेले में शांति व्यवस्था के लिए सीओ कौशाम्बी अभिषेक सिंह,थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह पुलिस बल के साथ गश्त करते हैं। इस मौके पर पूर्व प्रधान पवन मिश्र, अमर सिंह, प्रहलाद सिंह, आलोक सिंह,जुगल सिंह,हरिशंकर सिंह, जनार्दन गर्ग, संजय मिश्र,राघव सिंह,आदि मौजूद रहे।

# न्यू प्रेस क्लब के निर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित

## नगर पालिका अध्यक्ष ने अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** मंझनपुर नगर पालिका कार्यालय में सोमवार को न्यू प्रेस क्लब के चुनाव में शानदार जीत दर्ज करके दोबारा अध्यक्ष बने विमलेश शुक्ल सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को नगर पालिका परिषद सभागार में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी ने किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व चुनाव को सकुशल सम्पंन कराने वाली समिति को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किए। सोमवार को नगर पालिका मंझनपुर में अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी के आवास में न्यू प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष ने किया। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमलेश शुक्ल जो दूसरी बार क्लब के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। महामंत्री सुधीर कश्यप उपाध्यक्ष सतीश नामदेव कोषाध्यक्ष पर संजीत सिंह उर्फ रिंकू संगठन मंत्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव मंत्री अमित शुक्ल आय व्यय निरीक्षक ध्यान सिंह व चुनाव को सकुशल सम्पंन कराने वाली समिति मनोज दुबे राकेश केशरी सच्चिदा नंद मिश्र रमेश सिंह को नगर पालिका परिषद सभागार में अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी ने अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया साथ ही साथ निर्वाचित पदाधिकारी को उनके जीत पर बधाई भी दी है। इसी प्रकार युवा मोर्चा के अध्यक्ष शिव प्रसाद उर्फ रिंकू ने भी सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किए। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के तमाम कर्मचारी सहित तमाम गणमान्य नागरिक के साथ-साथ विजय तिवारी अतुल तिवारी अंशुल केसरवानी गुड्डू सरोज मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### बारा वफात पर निकला जुलूस जगह-जगह मनाया गया जश्न और लंगर



**अझुवा कौशांबी** पैगंबर हजरत मोहम्मद के दुनिया में आने का जश्न ए ईद मिलादुन्नबी अझुवा के मदरसा यादगार आला हजरत वार्ड नंबर 4 से निकाला गया इस दिन को कौमी लोग हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के रूप में मनाते हैं इस जुलूस में हिंदू भाइयों के शामिल हो जाने से जिसने भी जुलूस को देखा उसका सर फक्र से ऊंचा हो गया लोगों की जुबान पर सिर्फ एक ही नारा हिंदुस्तान जिंदाबाद भाईचारा जिंदाबाद के नारे लगते रहे जुलूस के माध्यम से लोगों को आपसी भाईचारे सौहार्द का संदेश दिया गया।जुलूस वार्ड नंबर 4 से होते हुए पुलिस चौकी के सामने गुजरता हुआ वार्ड नंबर 11 टांडा रोड पहुंचा जहां उग्मते नबी की कमेटी सदस्यों ने जगह-जगह लंगर का इंतजाम किया मोहम्मद उबेद के घर पर कमेटी के तरफ से लंगर का इंतजाम किया गया था जीटी रोड होते हुए जुलूस बाजार पहुंचा टेंड्री चौराहा से निकलकर वार्ड नंबर 4 फैसल के घर होते हुए मदरसा में समापन हुआ जुलूस में नारे तकबीर अल्लाहु अकबर नारे निसालत पट्टी पट्टी फूल फूल फिजा में गूंजता रहा जुलूस में मुख्य रूप से हाफिज मोइनुद्दीन मौलाना रियाज अहमद असलम मोहम्मद उबेद फैसल हसन मोहम्मद अहमद शाकिर अहमद इरफानअहमद मोहम्मद वसीम प्रदीप साहू सुघर सिंह,आशुतोष सिंह, सरवर ,दीपक सहित सैकड़ों सम्मानित लोग मौजूद रहे।इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम देखे गए चौकी प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ जुलूस सकुशल संपन्न कराने में तैयार दिखे।

### झंडापुर भटपुरवा शहजादपुर में बारह रबी उल अव्वल के पर निकला जुलूस ए मोहम्मदी




**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** सिराथू तहसील के झंडापुर शहजादपुर भटपुरवा गांव में बारह रबी उल अव्वल का जुलूस शानों शौकत के साथ निकाला गया। झंडापुर गांव स्थित मदरसे से झंडापुर गांव भर में बारह रबी उल अव्वल का जुलूस धूमधाम से और अमन का पैगाम देते हुए जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में भारी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। बारह रबी उल अव्वल के पर्व और जुलूस को देखने के लिए झंडापुर और भटपुरवा शहजादपुर गांव की जनता की भीड़ उमड़ पड़ी। जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा का इंतजाम किए गए। भटपुरवा के नूरानी मस्जिद से झंडापुर होते हुए जुलूस सैयद बाबा की दरगाह तक जुलूस निकाला गया। क्षेत्र में और भी कई जगह जुलूस निकाला गया। जिसमें गुलामीपुर, नंनमई, अंदावा, शहजादपुर, मनमऊ, समेत कई स्थानों पर शानो शौकत के साथ बारह रबी उल अव्वल का पर्व मनाया गया। जुलूस में पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे व सल्लम की शान में नात ख्वानी की गई और सलातो सलाम पढ़कर मुल्क की तरक्की बेहतरी आपसी भाई चारा कायम रखने के लिए दुआ की गई। जगह-जगह पर जुलूस का स्वागत करते हुए लंगर तकसीम किया गया। मिष्ठान का भी इंतजाम किया गया।

### आलमचंद गांव में बारा वफात पर निकला जुलूस



**हर्रायपुर कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के आलमचंद गांव में पैगंबर हजरत मोहम्मद के दुनिया में आने का जश्न ए ईद मिलादुन्नबी आलमचंद गांव में नमाज अदा की इस दिन को कौमी लोग हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के रूप में मनाते हैं इस जुलूस में हिंदू भाइयों के शामिल हो जाने से जिसने भी जुलूस को देखा उसका सर फक्र से ऊंचा हो गया लोगों की जुबान पर सिर्फ एक ही नारा हिंदुस्तान जिंदाबाद भाईचारा जिंदाबाद के नारे लगते रहे जुलूस के माध्यम से लोगों को आपसी भाईचारे , सौहार्द का संदेश दिया गया। इस मौके पर हर्रायपुर चौकी के हमराही राकेश कुमार यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे

### कल्याणपुर बाजार में पकड़े गए मोबाइल साइकिल और जेब कतरे चोर

**कल्याणपुर कौशांबी** थाना कोखराज के चौकी टेडीमोड के कल्याणपुर बाजार में इन दिनों मोबाइल,साइकिल,एवं जेबकतरे चोर काफी सक्रिय है लगातार हो रही घटनाओं से जनमानस परेशान है दिनांक 16 सितंबर 2024 को कल्याणपुर बाजार में सोमवार को चोरी करते एक चोर को भीड़ ने पकड़ लिया और दो चोर भागने में सफल रहे पकड़े गए चोर को लोगो ने पुलिस के हवाले कर दिया है अब देखना यह है कि चोर से पुलिस कहां तक सच्चाई कबूल करवा पाती है भागे दो चोरों को पुलिस पकड़ पाती है या जनता द्वारा पकड़े गए चोर को फिर पुलिस छोड़ देती है।

### 5 वर्ष की मासूम को घर में छोड़ आशिक के साथ युवती फरार

**अझुवा कौशांबी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा क्षेत्र की एक महिला अपने 5 वर्षीय मासूम को घर में छोड़कर अपने आशिक के साथ फरार हो गई महिला के पति ने क्षेत्रीय पुलिस से शिकायत करते हुए बताया उसकी पत्नी का गांव के ही युवक के साथ अवैध संबंध है 14 सितंबर को उसी के साथ भाग गई है उसके ससुराल के लोग फोन पर धमकी देते हैं जहां पाओ ढूंढ कर लाओ क्षेत्रीय पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# हिंदी मातृभाषा की महत्ता और गरिमा को दर्शाता है : प्रज्ञा शर्मा गार्गी



**कौशाम्बी।** हिंदी दिवस के अवसर पर प्रज्ञा शर्मा गार्गी ने कहा कि हिंदी लाडली है हम हिंदी दिवस मना रहे हैं, जो हमारी मातृभाषा की महत्ता और गरिमा को दशार्ता है। हिंदी हमारी संस्कृति, हमारी पहचान और हमारी एकता का प्रतीक है।हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़ती है और हमें अपनी संस्कृति की समृद्धि का अनुभव कराती है। हिंदी ने हमें विश्व के साथ जोड़ने का काम किया है, और इसने हमारी विचारधारा और सोच को विश्वभर में पहुंचाया है हिंदी दिवस के अवसर पर, हमें अपनी मातृभाषा के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण को दोहराना चाहिए। हमें हिंदी को अपने दैनिक जीवन में उपयोग करना चाहिए, और इसकी गरिमा को बनाए रखना चाहिए। हिंदी दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारी भाषा हमारी शक्ति है, और हमें इसका सम्मान करना चाहिए। हमें हिंदी के माध्यम से अपनी संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए, और इसकी महत्ता को विश्वभर में पहुंचाना चाहिए आइए हम हिंदी दिवस के अवसर पर अपनी मातृभाषा के प्रति अपनी निष्ठा को दोहराएं, और इसकी गरिमा को बनाए रखें। उन्होंने कविता के माध्यम से कहा कि भाषा की लाडली हिंदी है हिंदी की शान निराली हिंदी की आन निराली। हिंदी संस्कृत की बेटी लाडली। हिंदी रहती हर पल मतवाली। हिंदी राष्ट्र के माथे की बिंदी प्यारी। हिंदी ओजस्विनी अनूठी प्यारी। हिंदी कबीर सूर तुलसी को भाती हिंदी पाथेय है प्रवास में परिचय बताती। हिंदी से मिलता माँ समान ममत्व,। हिंदी से मिलता रिश्तों से अपनत्व।हिंदी से जन्म जन्म का नाता,हिंदी से है अंतर्मन का नाता।हिंदी पढ़ने पढ़ाने में सहज और सुगम,हिंदी साहित्य का सागर है सरल सुगम, हिंदी उमंगों से भरी दिल में बसी, हिंदी में फिर आज क्यूँ है उदासी, हिंदी किसी भाषा से बैर न करती, हिंदी हर भाषा से प्रेम है करती, हिंदी की देख आज दुर्दशा,मन में भर जाती है निराशा,हिंदी को 14 सितम्बर को ही क्यूँ करते याद,हिंदी को हमें हर पल करना होगा याद हिंदी राजभाषा के हर काम मे साथ निभाती, हिंदी क्यूँ न हम सबसे अपनाई जाती, हिंदी को न मिलता मान सम्मान, हिंदी को अब हमें देना है सम्मान,हिंदी है निज भाषा जिस पर गर्व करें हम,,हिंदी को शत-शत नमन करते हम।

# अंधेरगर्दी की हद थाने के सामने खरीदा जाता है चोरी का सामान

## एक थाना पुलिस कर रही गिरफ्तार दूसरी थाना पुलिस कर रही उसके बचाव में सिफारिश, दिनदहाड़े चोरी हुआ डीपवेल सेंट्रीफ्यूगल जेट पंप थाने के सामने कबाड़ी की दुकान से हुआ था बरामद

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कुछ पुलिस कर्मियों ने तो पूरे महकमें की वर्दी शर्मसार कर कर रक्खी है एक थाने के सामने दिन दहाड़े चोरी का माल खरीदा जाता है और पुलिस तमाशबीन बनकर सब कुछ देखती है मामले का खुलासा तब हुआ जब दूसरे थाना पुलिस ने दुकान से सामान बरामद कर लिया और सामान खरीदने वाले को गिरफ्तार कर लिया हद तो तब हो गई जब थाने के सामने माल खरीदने वाले कबाड़ी की सिफारिश पुलिसकर्मियों द्वारा शुरू कर दी गई है जिसके चलते कबाड़ी पर मुकदमा नहीं दर्ज हुआ और अभी तक उसे जेल नहीं भेजा गया। महेवाघाट थाना क्षेत्र में चोरों के हौंसले इतने अधिक बढ़ गए हैं कि, दिनदहाड़े सामान उठा ले जाते हैं और दूसरे थाना के सामने ही कबाड़ी को बेंच देते हैं। दिव्यांग युवक के घर से चोरों ने ट्यूबवेल बोरिंग से पानी बाहर निकलने वाला डीप वेल सेंट्रीफ्यूगल जेट पंप दिनदहाड़े पार करके, थाने के सामने खुली कबाड़ी की दुकान में बेंच दिया। पुलिस ने माल बरामद कर लिया है।महेवाघाट इलाके के रायपुर गांव के जितेंद्र त्रिपाठी पुत्र राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने बताया है कि बुधवार को दिनदहाड़े दोपहर में उसके घर से बोरिंग से पानी बाहर निकालने वाला डीप बेल सेंट्रीफ्यूगल जेट पंप चोरी हो गया है।जिसे बेखौफ चोरों ने बाइक में लादकर पश्चिम शरीरा थाना के सामने खुली हुई कबाड़ी की दुकान में बेंच दिया। चोरी की घटना के बाद सुराग लगाते हुए दिव्यांग युवक बृहस्पतिवार को कबाड़ी की दुकान तक पहुंच गया। उसने देखा कि कबाड़ी एक डीसीएम में समान लदवाकर बेचने की फिराक में है, उसे मौके पर ही अपना सेंट्रीफ्यूगल जेट पंप दिख गया। उसने कबाड़ी से पूछताछ किया तो वह काफी देर तक टालमटोल करता रहा। काफी जद्दोजहद के बाद बताया कि उसने 35 रुपए प्रति किलो के भाव से कल खरीदा है। सूचना पर कबाड़ी की दुकान में पहुंची महेवाघाट पुलिस ने चोरी का माल बरामद करके कबाड़ी को हिरासत में ले लिया है।

# मठाधीश सिपाहियों के संगठित अपराध में लिप्त लोगों से गहरे संबंध

## पेड़ कटवाने से लेकर शराब भट्ठी वा बिक्री तक का लेते है ठेका क्षेत्र मे बना चर्चा का विषय

**नेवादा कौशाम्बी** जिले के थाने पुलिस चौकी की पुलिसिया ब्यावस्था काफी स्तर तक नीचे गिर चुकी है हर दिन कहीं न कहीं मडर रेप चोरी छेड़खानी की वारदात से जनमानस थरार्ने लगे हैं कुछ थाना चौकी मे अभी भी दागी सिपाही मौजूद हैं जो चन्द रुपयों के लिये भटकते रहते हैं और वर्दी मे दाग लगने का तनिक भी भय नही खाते जिससे संगठित अपराध में लिप्त अपराधियों का भी हौसला बुलंद है और संगठित अपराध भी बढ़ रहा है पिपरी थाना के लोधउर चौकी मे तैनात आखिर वह सिपाही कौन है जो काफी समय से एक ही चौकी मे अंगद की तरह अपना पैर जमा कर बैठा हुआ है काफी पुराना होने के कारण क्षेत्र मे अपनी पहचान काफी बना चुका है जो हर तरह के संगठित अपराधियों लकड़ी माफियाओं शराब कारोबारियों से पकड़ बनाकर पूरे दिन चौकी से गायब रहकर अपनी सेटिंग मे मस्त रहता है जो जन जन के जुबां पर उसका नाम आने लगा है हरे फलदार पेड़ कटवाने से लेकर शराब भट्ठी और शराब बिकवाने तक का ठेका लेने लगा है जब ऐसे दागी पुलिस के जवान थाना और चौकी मे मौजूद रहेंगे तो पुलिसिया ब्यावस्था कैसे सुधरेगी और पीड़ितो को न्याय कैसे मिलेगा अब सवाल उठता है कि ऐसे दागी सिपाहियों से थाना पुलिस चौकी इंचार्ज तक कमीशन पहुंचती है या फिर इनके कारनामे की जानकारी नही हो पाती यह बड़ी जांच का विषय है।

## उपभोक्ता फोरम के मठाधीश कर्मी के हवाले पूरी व्यवस्था

**कौशांबी।** उपभोक्ता फोरम में एक कर्मी बीते कई वर्ष से चुंबक की तरह चिपक गया है इसका स्थानांतरण नहीं हो सका है लंबे समय से तैनाती के चलते यह कर्मी विभाग का मठाधीश हो गया है और हर मामले में दखलअंदाजी करता है बीते 20 वर्षों से पूरे उपभोक्ता फोरम में अफसरों की सेटिंग के नाम पर वसूली करने में यह बदनाम हो चुका है जिससे उपभोक्ता फोरम में फरियादियों को न्याय नहीं मिलता है मठाधीश कर्मी के चलते मुकदमे के गुणवत्तापूर्ण न्याय नहीं होता है अफसर भी मठाधीश कर्मचारियों की गुलामी करने को मजबूर दिखाई पड़ रहे है लेकिन लंबी पकड़ के चलते मठाधीश कर्मचारी का उपभोक्ता फोरम से 20 वर्ष बाद भी स्थानांतरण नहीं हो सका है बताया जाता है कि 20 वर्षों के दौरान इस कर्मचारी ने दलाली वसूली से अकूत संपत्ति अर्जित की है लेकिन अकूत संपत्ति के मामले में भ्रष्टाचार से संबंधित इस कर्मी की जांच नहीं शुरू हुई है यदि उक्त कर्मी की अकूत संपत्ति की जांच कराई गई तो इस कर्मचारी के बड़े कारनामे का खुलासा होगा और इस पर मुकदमा दर्ज होगा और इसे जेल जाना पड़ सकता है लेकिन उसके बाद भी लंबे समय से भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियों के कारनामे की ओर अफसरो ने ध्यान नहीं दिया है।

# करोड़ो की लागत से बनी पानी की टंकी लावारिश

अखंड भारत संदेश

**पानी टंकी का गार्ड रहता है नदारद कोई भी जल जीवन मिशन जिम्मेदार आला अधिकारी कर्मचारियों की लापारवाही से किसी दिन हो सकता है बड़ा हादसा**

**कौशांबी।** विकास खण्ड चायल के ग्राम पंचायत रैया देह माफी में जल जीवन मिशन के अंर्तगत करोड़ो की लागत से बनी पानी की टंकी लावारिश पड़ी है। जिसका कोई भी ज़िम्मेदार नहीं है हालाकि पानी की टंकी से पानी का वितरण पूरे गांव में है और लोग इसका पानी भी पीते हैं किंतु इस पानी की टंकी की देख रेख करने में लगे गार्ड सिर्फ नाम के है और पूरे दिन रात पानी की टंकी का कोई रखवाली करने नही आता है। जो गार्ड ऑपरेटर नियुक्त किए गए हैं हर वक्त गायब रहते हैं। जिससे पानी की टंकी लावारिश पड़ी है।

लावारिश हालत में गांव के और बाहर के अराजक तत्व पानी की टंकी के ऊपर चढ़ कर बैठा करते हैं पानी की टंकी में घुस कर नहाते हैं पेशाब करते हैं जिस पानी को पूरा गांव पीता है उसमे आस पड़ोस और गांव के अराजक तत्व नहाते हैं पेशाब करते हैं कुछ तो फोटो खींचने के लिए ऊपर चढ़ जाते हैं। जिसकी शिकायत मिलने पर ग्राम प्रधान द्वारा जल जीवन मिशन व निर्माण करने वाले आला अधिकारियों को शिकायत की गई किंतु किसी के कानो पर जू नही रेंगी। गौरतलब है कि पानी की टंकी को इस तरह लावारिश छोड़ने से किसी दिन कोई अराजक तत्व पानी में कोई जहरीला पदार्थ मिला दिया तो बहुत बड़ी अनहोनी रैया देह माफी गांव में हो जायेगी तो इसका ज़िम्मेदार कौन होगा। जल जीवन मिशन योजना के ज़िम्मेदार अधिकारी कर्मचारी बिलकुल लापरवाह है जिसके कारण इतनी बड़ी परियोजना बरबादी के कगार पर है इससे जुड़े लोग नवाबों की तरह बात करते हैं, ग्राम प्रधान द्वारा जब गार्ड से शिकायत की गयी तो उसका कहना है मुझे वेतन तुम नही देते हो जाओ जहां शिकायत करना है करो इतना ही नहीं उसका कहना है वेतन सिर्फ मोटर चलाने और बन्द करने के लिए दे रहे हैं देखरेख के लिए नही इस वजह से परियोजना पूरी तरह से बेकार होती नजर आती है इस विषय पर जिलाधिकारी महोदय को आवश्यक कदम उठाते हुए विशेष ध्यान देना होगा जिससे लोगो को स्वच्छ जल मिले तभी भारत सरकार की यह महत्व पूर्ण योजना सफल होगी और जल जीवन मिशन का स्लोगन हर घर नल जल और साफ सुथरा पेय जल मिलेगा।

## सम्पादकीय

### फैसले के तुरंत बाद भाजपा ने उन पर हमला बोलना शुरू कर दिया

कथित शराब घोटाले के आरोप में 177 दिनों तक तिहाड़ जेल में रहने के बाद 13 सितंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को जमानत मिली। रविवार को केजरीवाल ने अगले दो दिनों के भीतर अपने पद से त्यागपत्र देने का ऐलान कर दिया है। यह स्पष्ट करते हुए कि उनके साथी मनीष सिसोदिया भी इस पद पर नहीं बैठेंगे जो इसी आरोप में जेल में ही लम्बा समय बिताकर जमानत पर छूटे हैं।

रविवार को पार्टी सहयोगियों के साथ आयोजित एक बैठक में इस्तीफे के फैसले साथ ही उन्होंने बतलाया कि अगला मुख्यमंत्री उनके इस्तीफा देने के दो-तीन दिनों के बाद चुन लिया जायेगा। उन्होंने सरकार से यह मांग की कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव भी महाराष्ट्र के साथ नवम्बर में करा लिये जायें जो कि वैसे अगले साल की फरवरी में किये जाने की सम्भावना है। यह अलग बात है कि केन्द्रीय चुनाव आयोग आप की इस मांग को शायद ही माने। संभावना है कि भारतीय जनता पार्टी की सुविधा के अनुसार ही दिल्ली के चुनाव होंगे। माना यह जा रहा है कि केजरीवाल ने इसलिये इस्तीफा दिया क्योंकि काम-काज के लिये कोई गुंजाइश ही नहीं रह गयी है। न तो वे सचिवालय जा सकते हैं और न ही किसी फाइल पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देते हुए इतनी तरह की शर्तें लगा दी हैं कि वे शायद ही कोई काम कर सकें। दिल्ली चुनाव के पहले सरकार को अनेक तरह के काम पूरे करने हैं। जरूरी है कि ऐसा मुख्यमंत्री हो जिसके पास तमाम अधिकार हों। अरविंद केजरीवाल के इस फैसले के तुरंत बाद भाजपा ने उन पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। कोई सवाल उठा रहा है कि पहले इस्तीफा क्यों नहीं दिया, तो कोई आरोप लगा रहा है कि यह अपने जुर्म को स्वीकार करने जैसा है। भाजपा की तरफ से एक नेता ने ये दावा तक किया कि अरविंद केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बना कर अपनी मर्जी का शासन चला सकते हैं। हालांकि अभी किसी को नहीं पता कि दो दिन बाद मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर किसे सामने किया जाएगा। जहां तक भाजपा के हमलों का सवाल है, तो यह जाहिर हो गया है कि भाजपा अरविंद केजरीवाल के इस कदम का अनुमान लगा ही नहीं पाई थी। उसके लिए यह अप्रत्याशित फैसला था और वह इसके लिए तैयार नहीं थी। बहरहाल, यह फैसला ऐसे वक्त पर लिया गया है जब हरियाणा के चुनाव अक्टूबर के पहले हफ्ते में होने जा रहे हैं जिसमें लगभग सभी 90 सीटों पर आम आदमी पार्टी ने अपने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है। वैसे राहुल गांधी ने बड़ी कोशिश की थी कि हरियाणा में कांग्रेस और आप मिलकर चुनाव लडें। इसे लेकर कांग्रेस और आप में प्रारंभिक चर्चा भी हुई, लेकिन आप ने स्वतंत्र रूप से लड़ना मुनासिब समझा। यह लगभग वैसा ही है जैसा लोकसभा चुनाव आप ने दिल्ली में कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ा लेकिन पंजाब में दोनों दल आमने-सामने थे।

# सरदार सरोवर नर्मदा में मनमानी

– मेधा पाटकर

**मोरारजी देसाई** जब प्रधानमंत्री बने, तभी 10 साल बाद नर्मदा ट्रिब्यूनल का फैसला आया! सबसे अधिक बांध के- जलाशय के पानी पर अधिकार मिला, कच्छ- सौराष्ट्र जैसे सूखाग्रस्त क्षेत्रों के नाम, गुजरात को ! प्रत्यक्ष में कच्छ तरस रहा, वहां पहुंची शाखा नहर से आगे माइनर नेटवर्क का निर्माण न होने से रापार जैसे एकाध तहसील के कुछ किसान छोड़कर अन्यों को नहीं मिली सिंचाई आज तक! पीने का पानी भी बेचा जाता है तो कच्छ की बहुतांश ग्राम पंचायतें नहीं खरीदती है।

पूसरदार सरोवर, नर्मदा घाटी में नियोजित 30 बड़े बांधों में से एक महाकाय बांध! इस पर विस्थापितों ने पहाड़ी- निमाड़ी और तीन राज्यों के आदिवासी, किसान, मजदूर, कारीगर, पशुपालक, मछुआरे, व्यापारी...सभी ने गठित की एकजुटता से, अपने अधिकार, कानूनी और संवैधानिक उल्लंघन आदि पर 39 सालों से किया संघर्ष आज भी जारी है! ट्रिब्यूनल के फैसले पर 45 साल बाद जब पुनर्विचार होने जा रहा है, तो उससे भी पहले देश और प्रदेश की जनता ने जाननी चाहिए हकीकत, लाभ-हानि की; ताकि सोच हो, भविष्य की!

सरदार सरोवर बांध परियोजना की लाभ हानि का टाटा की कंपनी से (टीईसीएस) जल्दबाजी में विश्व बैंक से कर्जा उठाने के लिए, कई बुनियादी डाटा उपलब्ध न होते हुए, अध्ययन करवाया गया था। तब 1983 में 4200 करोड़ रुपए की लागत आंकी थी। जबकि 6400 करोड़ रुपए की लागत को योजना आयोग की मंजूरी 1988 में मिली थी। अब गुजरात विधानसभा में प्रस्तुत हुआ है कि उस परियोजना की लागत 90,000 करोड़ रुपए तक बढ़ी है। इस परिप्रेक्ष्य में आज भी मध्यप्रदेश और गुजरात तथा महाराष्ट्र और गुजरात के बीच कई वित्तीय मुद्दों पर विवाद जारी है। सबसे गंभीर हकीकत है कि गुजरात शासन कई सारे नये प्रस्ताव रखकर मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से बड़ी राशि वसूलना चाहती है। मध्यप्रदेश की सरदार सरोवर की डूब में आई शासकीय भूमि और वनभूमि (जैसे, महाराष्ट्र की भी) की भरपाई की राशि करीबन 7000 करोड़ होते हुए, उसकी भी पूर्ति आज तक नहीं हुई है, जो परियोजना का हिस्सा और गुजरात का कानूनी फर्ज है! सरदार सरोवर में 192 गांव और 1 नगर को डूब में लाकर भी जलाशय के एक बूंद पर म.प्र. को नहीं है हक! तो इस महाकाय परियोजना से क्या हुआ है लाभ? कितनी भुगती है हानि राज्य ने? इस पर होगा कोई विचार या पुनर्विचार? यह दिसंबर 2024 के पहले (45 साल पूर्ति होने पर ट्रिब्यूनल फैसले पर ही पुनर्विचार जबकि नियोजित है, तो उसके पहले) होगा या नहीं, यह अहम सवाल है!

महाराष्ट्र राज्य ने एक अवैध कार्य किया है। राज्य का विरोध नकारकर, गुजरात के दबाव- प्रभाव में ट्रिब्यूनल ने दिया मात्र 0.25 एमएएफ याने 11 टीएमसी का पानी, जो महाराष्ट्र को खुद के ही नर्मदा क्षेत्र में उपयोग में लाना था। लेकिन 2015 में उसमें से आधा याने 5.5 टीएमसी पानी नर्मदा में बहां कर गुजरात को देना तय किया और महाराष्ट्र के अधिकारियों के हस्ताक्षर से एक अनुबंध हुआ, जो नर्मदा ट्रिब्यूनल फैसला याने कानून का सरासर उल्लंघन है! इसके बदले उकई बांध (गुजरात) का पानी लेकर पुनर्बसाहटों को देने की घोषणा भी फिजूल है। उर्वरित पानी भी राज्य शासन, नर्मदा की 7 उपनदियों पर 7 बांध बनाकर सतपुड़ा में बड़े टनेल द्वारा तापी की घाटी में ही परिवर्तित करने की योजना आगे धकेल रही है, जो नर्मदा घाटी के 300+ आदिवासी गांवों पर डूब क्षेत्र के बचे फलियों के आदिवासियों पर भी वंचना से अत्याचार ही होगा। बड़े टनेल से सतपुड़ा भी धंसने लगेगा। सभी ग्रामसभाओं का विरोध 'पेसा' कानून के तहत शासन को आदेश है। यह एक नदी घाटी से दूसरी घाटी में पानी का वितरण है, जो कार्य आंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अब नामंजूर होता गया है।



मोरारजी देसाई जब प्रधानमंत्री बने, तभी 10 साल बाद नर्मदा ट्रिब्यूनल का फैसला आया! सबसे अधिक बांध के- जलाशय के पानी पर अधिकार मिला, कच्छ- सौराष्ट्र जैसे सूखाग्रस्त क्षेत्रों के नाम, गुजरात को ! प्रत्यक्ष में कच्छ तरस रहा, वहां पहुंची शाखा नहर से आगे माइनर नेटवर्क का निर्माण न होने से रापार जैसे एकाध तहसील के कुछ किसान छोड़कर अन्यों को नहीं मिली सिंचाई आज तक! पीने का पानी भी बेचा जाता है तो कच्छ की बहुतांश ग्राम पंचायतें नहीं खरीदती है। कच्छ में पानी जाने से हम आंदोलनकारियों ने रोका, यह तो चुनावी प्रचार था ही; लेकिन हकीकत भी साबित करती है, कि सालों से कच्छ में अदानी बंदरगाह, ताप विद्युत परियोजना, जिंदल स्टील जैसी कंपनियों को मिला और कुछ शहरों को भी! सौराष्ट्र में भी छोटी नहरों की टूट-फूट जैसी समस्याएं और मुख्य नहर से निजी पंप द्वारा पानी लेने की खर्चिक नौबत से किसान परेशान है। महाराष्ट्र, गुजरात के पीढि?ों पुराने आदिवासी, पहाड़ी जंगल और मध्यप्रदेश के सबसे अधिक पहाड़ी- निमाड़ी गांव डूबोकर, कच्छ तक पहुंचे पानी में से कुछ लाख लिटर्स पानी व्यर्थ बहाया जा रहा है, कच्छ की ही रणभूमि में... जहां अगरिया समाज की नमक उत्पादन की आजीविका बर्बाद हो रही है; जिनकी महिलाएं रो पड़ी थीं, हमें मिलने पर! क्या कहें? हंसे या रोए?

गुजरात के नीचेवास में, 151 किलोमीटर तक फैले, नर्मदा, भरूच, बड़ौदा, इन तीन जिलों के गांवों के मछुआरे, आदिवासी, किसान और नगरवासी भी काफी भुगत रहे हैं।

सरदार सरोवर के पर्यावरणीय असर के मुद्दों में अरबी समंदर का 2013 से नर्मदा में 60 किलोमीटर तक घूसना याने 'सी इंग्रेस' की चर्चा नहीं के बराबर है। इससे नर्मदा का पानी और भूजल में भी खारापन आया है, जो गुजरात के गांव, शहर के निवासियों पर, खेती और मत्स्य व्यवसाय पर आघात है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के 2022 के फैसले बाद, सर्वोच्च न्यायालय के भी 4 मार्च 2024 के, नर्मदा में जल परिवहन से पर्यटन के विरोधी फैसले के बावजूद 'क्रूझ' चलाने की अवैध प्रक्रिया और कार्य आज भी जारी है!

'नर्मदा घाटी विकास' के तहत आगे धकेलती योजनाओं का भविष्य इसके साथ देखना होगा। इसी माह में घोषित म.प्र. के नर्मदा घाटी विकास विभाग के बजट का ऊपरी क्षेत्र के बांध और लिंक परियोजनाओं पर आबंटित हिस्सा, जो 5700 करोड़ में से 4700 करोड़ है। इसमें 1970 के दशक में बने बर्गी परियोजना के नहरों के लिए आबंटन सही है; लेकिन पूर्व में बनी नहरे दशकों तक सूखी रही क्यों? बर्गी से लेकर ओंकारेश्वर और इंदिरा सागर तक के बांधों से प्रभावितों के उर्वरित पुनर्वास कार्य पर ध्यान नहीं? आधे अधूरे कार्यों की पूर्ति से भी अधिक प्राथमिकता अन्य बांध और नदी जोड़ परियोजनाओं को (जिसमें बड़ी मात्रा में नर्मदा या जलाशयों से उद्वहन की योजनाएं हैं) देना क्यों हो रहा है? 1979 में पारित नर्मदा ट्रिब्यूनल फैसले पर, 45 साल पूर्ति के बाद याने दिसंबर 2024 के बाद पुनर्विचार होगा, तो मध्यप्रदेश के अपने ही जलग्रहण क्षेत्र के 18.25 एमएएफ पानी पर दिया अधिकार वापस खींचा न जाए, इसलिए! लेकिन सवाल यही है कि बसानिया, राघवपुर जैसे बांधों को, पर्यावरणीय अध्ययन सह मंजूरी न मिलते, प्रशासकीय मान्यता से बढ़ाएंगे? क्या इनसे विस्थापित और प्रभावित होने वाले आदिवासी और अन्य किसानों, मजदूरों के लिए, 2002 की मध्यप्रदेश की पुनर्वास नीति के तहत, पुनर्वास योजना तैयार है?

नर्मदा घाटी के 30 बड़े और 135 मझौले बांधों के अलावा 3000 छोटे बांध भी थे मूल नर्मदा घाटी विकास योजना में। छोटे बांधों पर कितना रखा गया भरोसा? क्या उन्हें दी प्राथमिकता? जलग्रहण की छोटी इकाइयों का विकास क्यों नहीं बना आधार, जल- जंगल- जमीन बचाकर प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग का? आजतक जो बने हैं बांध, बर्गी से सरदार सरोवर तक, उनमें से एकेक की विशेष कहानी है, जो यहां बयां करना नामुमकिन है... फिर भी नर्मदा घाटी की, बड़े बांधों से लेकर बैराज, लिंक सहित सभी परियोजनाओं का 'एकत्रित असर' का अध्ययन जरूरी है। अमेरिका के पदचिन्हों पर कदम बढ़ाये हमारे देश ने! टेनेसी नदी घाटी योजना की नकल की गई दामोदर घाटी योजना बनाकर, जो आज भी अधूरी ही क्या, विवादग्रस्त भी है। भाखड़ा नांगल को भी पहले 'आधुनिक मंदिर' कहने वाले पंडित नेहरू जी ने ऐसे बांधों को 'भव्यता की बीमारी' बताकर नकारा! अमेरिका ने ही 1994 से बड़े बांधों के निर्माण पर रोक लगा दी, और आजतक तो 1951 बांधों को निरस्त किया, जबकि यूरोप खंड के देशों ने कुल 4000 बांधों को निरस्त किया!

# पुतिन के सामने डोभाल का झुका हुआ सिर भारत का अपमान है!

– शकील अख्तर

**भारत में** कई प्रधानमंत्री हुए हैं। देश को लेकर उनकी नीतियों की यहां खूब चचाएं और हिसाब हुए हैं। मगर कमजोर से कमजोर प्रधानमंत्री ने भी कभी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को किसी विदेशी राष्ट्र प्रमुख के सामने सिर झुकाकर सफाइयां देने नहीं भेजा। कोई छोटा राष्ट्र भी ऐसा नहीं करता है। किसी भी देश के लिए उसकी संप्रभुता सबसे बड़ी चीज होती है।

जिन्दगी का एक सिद्धांत है। जो भी चीज आप दूसरे पर लागू करोगे वह एक दिन आप पर ही हमला करेगी। यूपीए सरकार के समय भाजपा और मीडिया ने एक शब्द का ईजाद किया था। बाडी लेंग्वेज! 2012-13 में इस शब्द के जरिए ये रोज डां. मनमोहन सिंह सोनिया गांधी शीला दीक्षित और अन्य कांग्रेसी नेताओं का पोस्टमार्टम करते रहते थे। उन्हें अपराधी, भ्रष्टाचारी, डरे हुए और जाने क्या-क्या बनाते रहते थे। शक्ल देखकर।

आज वही बाडी लेंग्वेज अपने असली रूप में विश्व फलक पर सामने आ गई। दुर्भाग्य से इन लोगों ने उसे देश की छवि के रूप में रख दिया। गलत छवि। जो कभी नहीं थी। कमजोर छवि। माफी मांगने की मुद्रा!

जैसे प्रधानमंत्री मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस चन्द्रचूड़ के घर पर खुद के द्वारा की जा रही पूजा की फोटो ट्विट करके चीफ जस्टिस को जवाब देने लायक भी नहीं छोड़ा वैसे ही रूस ने अपने राष्ट्रपति के सामने सिर झुकाए सफाइयां दे रहे भारत के सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल का वीडियो जारी करके भारत की इतने सालों की कमाई अन्तरराष्ट्रीय सम्मान पर एक झटके से गहरा दाग लगा दिया।

भारत जिसके बारे में यह केवल बढ़-बढ़कर बातें करते हैं मदर आफ डेमोक्रेसी, विश्व गुरु, युद्ध रुकवा दिया और केवल रूस-यूक्रेन ही नहीं इजराइल और फिलिस्तीन के युद्ध के लिए भी ऐसा ही दावा किया था। खुद प्रधानमंत्री ने ही कहा कि रमजान में हमने इजराइल से कह दिया कि हमले नहीं होना चाहिए। वह भारत, रूस के राष्ट्रपति पुतिन के पास अपने सुरक्षा सलाहकार को भेज कर कह रहा है कि वैसे तो खुद प्रधानमंत्री मोदी आकर सफाई देना चाहते थे। मगर अभी उन्होंने मुझे भेजा है कि मैं आपको बता सकूं कि यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ मुलाकात में दो लोग उनके साथ और एक मैं अपने प्रधानमंत्री के साथ था। इससे पहले पुतिन मोदी से फोन पर सफाई ले चुके थे। डोभाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आपको फोन पर बताया और खुद आकर भी बताएंगे।

क्या है यह? क्या भारत कभी इतना कमजोर था? एक देश से हुई बात को दूसरे देश को बता रहा है! मोहल्ले और गांव के झगड़ों की तरह। एक दबंग से कह रहा है नहीं-नहीं हम उससे इसलिए नहीं मिले थे। यह नहीं कहा था। यह बात नहीं हुई!



और वीडियो में पुतिन का स्टाइल देखिए! कैसे हेडमास्टर की तरह बैठे हुए हैं और डोभाल के बारे में आप खुद फैसला कीजिए कि किस तरह एक डरा और सहमा बच्चा बैठा हुआ है। यह अविभाजित सोवियत रूस नहीं है। यह दुनिया का ठेकेदार बनने वाला अमेरिका भी नहीं है। एक कमजोर युद्ध में उलझा हुआ देश है। रूस अब पहले की तरह महाशक्ति नहीं है। दुनिया का दूसरा ध्रुव। और जब थे। दोनों महाशक्ति अमेरिका और सोवियत रूस तब इन्दिरा गांधी जिन पर अभी शनिवार को ही हरियाणा में फिर कीचड़ उछालकर आए हैं, उन्होंने कभी भारत की सम्प्रभुता सम्मान से समझौता नहीं किया। सवाल ही नहीं उल्टा, अमेरिका को चुनौती दी। खूब खरी-खोटी सुनाई। यहां तक कहा 1971 में। कहा- सातवां बेड़ा नहीं, आठवां भी भेज दो पाकिस्तान अब दो टुकड़े होकर ही रहेगा।

विदेश विभाग में तो परंपराएं, इतिहास, रिकार्ड चलता है ना! जयशंकर तो फॉरेन सर्विसेस के आफिसर रहे हैं। विदेश सचिव के स्तर तक। अब मोदी के विदेश मंत्री हैं। उन्हीं से बुलाकर पूछ लें कि इन्दिरा गांधी ने अमेरिका के राष्ट्रपति निक्सन को कैसी खरी-खरी सुनाई थीं। और यह भी पूछ लें कि सोवियत रूस से कैसे अपनी शर्तों पर बीस साला मैत्री संधि की थी। बता दें कि जयशंकर दोनों जगह मास्को और वाशिंगटन तैनात रहे हैं। भारत के रुआब से वाकिफ।

दस साल सरकार चलाते हो गए। मगर अपनी कोई बात बताने के बदले अभी भी नेहरू, इन्दिरा, राजीव गांधी को कोस रहे हैं। हरियाणा एक ऐसा प्रदेश है जहां दस साल से उनकी सरकार है। केन्द्र में तो इससे कुछ महीने ज्यादा की है। तो वहां चुनाव प्रचार करने गए तो बताना चाहिए था दोनों जगह दस-दस साल सरकार होने से जनता को क्या क्या मिला? मगर बताने को कुछ है नहीं। तो नेहरू, इन्दिरा कांग्रेस को गालियां। हरियाणा की जनता इस बार बता देगी कि उसे बेवकूफ समझने का क्या परिणाम होता है। वैसे भी कुरुक्षेत्र जहां प्रधानमंत्री गए थे लोग उन्हें सुनने बहुत कम आए। प्रधानमंत्री के लिए प्रथम ग्रासे मक्षिका पात हो गया। लोकसभा चुनाव के बाद पहली चुनावी रैली में लोग ही नदारद थे। जो भीड़ मोदी की लोकप्रियता का पैमाना हुआ करती थीं। वह न कुरुक्षेत्र में थी और न जम्मू कश्मीर के डोडा में। खैर भारत में कई प्रधानमंत्री हुए हैं। देश को लेकर उनकी नीतियों की यहां खूब चचाएं और हिसाब हुए हैं। मगर कमजोर से कमजोर प्रधानमंत्री ने भी कभी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को किसी विदेशी राष्ट्र प्रमुख के सामने सिर झुकाकर सफाइयां देने नहीं भेजा। कोई छोटा राष्ट्र भी ऐसा नहीं करता है। किसी भी देश के लिए उसकी संप्रभुता सबसे बड़ी चीज होती है। नेहरू की विदेश नीति तक पर सवाल खड़ा करते हैं। उनके आज तक प्रासंगिक गुट निरपेक्ष आंदोलन का मजाक उड़ाते हैं और खुद विश्व गुरु होने के हसीन सपने में रुस और यूक्रेन दोनों जगह पहुंचकर गले मिलने, कंधे पर हाथ रखने, पीठ पर हाथ मारने जैसे कैमरे के लिए पोज देते हैं वह बैक फायर कर देता है। विदेश नीति कोई देश में भक्तों को, मीडिया को बेवकूफ बनाने जैसी नहीं होती है। सारे विदेश विभाग के अफसर जानते हैं। कभी-कभी बोल भी देते हैं।

जैसे विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा था रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष नड्डा और खुद प्रधानमंत्री के कहने के बाद कि नहीं रुस यूक्रेन युद्ध रुकवाने के दावे निराधार हैं। ऐसा कुछ नहीं हुआ था।

वह तो शुक्र है रुस की न्यूज एजेन्सी स्पूतनिक ने डोभाल के वीडियो का थोड़ा सा हिस्सा ही डाला। रूस पुराना दोस्त है हमारा। नेहरू-इन्दिरा का सम्मान करने वाला। जानता है कि किसी एक व्यक्ति के विश्व गुरु बनने के दावों की सजा पूरे देश को और उस देश के अन्तरराष्ट्रीय सम्मान को नहीं दी जा सकती। हालांकि वीडियो का इतना हिस्सा डालना भी अच्छी बात नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी को कड़ा विरोध करना चाहिए था। मगर क्या उन्होंने किया? नहीं! वीडियो के आने के बाद वे नेहरू, इन्दिरा, राजीव, राहुल, कांग्रेस का विरोध करने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर पहुंच गए। सारे आरोप लगा दिए। अरबन नक्सल, आरक्षण विरोधी, वंशवाद कोई तोहमत नहीं छोड़ी और फिर वही बात कही कि जब तक मैं हूं, यह नहीं होने दूंगा। कभी नहीं कहते भाजपा नहीं होने देगी। सब कुछ वे ही हैं। मोदी का परिवार, मोदी की गारंटी, मोदी सरकार। भाजपा कहीं नहीं। इसलिए उनकी हुकूमत कायम है और भाजपा 303 से 240 पर आ गई। भाजपा समझ रही है। बाकी लोगों की तरह वह भी डरी हुई है तो कुछ नहीं बोल रही। मगर मोदी मोदी मोदी! भगवान ने सीधा मुझे भेजा है। मां की कोख से जन्म नहीं हुआ जैसे दावों पर आरएसएस प्रमुख भागवत भी तंज कर चुके हैं। कहा कि दुनिया कहे कि आप अवतार हैं तो समझ में आता है मगर खुद कहो कि मैं नान बायलोजिकल (शरीर से पैदा न होना) हूं तो यह अस्वीकार्य है। भाजपा आरएसएस सब समझते हैं कि इन बड़े-बड़े दावों का परिणाम क्या होता है? एक झांकी अभी रूस ने दिखाई। अगर नहीं संभले तो फिर कांग्रेस और जनता तो जो करेगी वह करेगी ही खुद बीजेपी आरएसएस भी चुप नहीं बैठेंगे। हरियाणा, जम्मू-कश्मीर का रिजल्ट आने दीजिए!

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव: विमर्श के विषय

**प्रवीण गुगनानी ।**

**डॉ. पंडित** श्यामप्रसाद मुखर्जी के संकल्प एक देश, एक विधान, एक प्रधान के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्पशक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है।

कभी किसी जमाने की बात याद है न?! जब प्रत्येक राष्ट्रीय कानून, प्रस्ताव, प्रावधान आदि पर लिखा जाता था Except Jammu and Kashmir- जम्मू और कश्मीर को छोड़कर!! अब देश में वैसा नहीं होता है। अब जम्मू कश्मीर शेष भारत के नवनिर्माण में सहयोग दे रहा है। आज का कश्मीर नये भारत का नया कश्मीर है।

जिस कश्मीर में दशकों तक ऐसा आतंकी वातावरण रहा कि वहाँ भारतीय भी जाने की कल्पना नहीं करते थे उस कश्मीर में मोदी सरकार ने जी ट्वेंटी का सम्मेलन करवा दिया, यही नया कश्मीर है। अनुच्छेद 370 को इस प्रदेश की नियति मानने और बताने वाले लोग वस्तुतः बदनियत लोग थे, ये अब मुख्यधारा से बाहर हैं। कांग्रेस ने भी फारूख अब्दुल्ला और उसके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। 370 के उन्मूलन के बाद एक बना था, गुपकार गठबंधन। अब्दुल्ला परिवार व कांग्रेस इस गुपकार गठबंधन के प्रमुख चट्टे-बट्टे थे। ये चाहते हैं कि 370 कश्मीर में पुनर्स्थापित हो। अनुच्छेद 370 के संदर्भ में आज कांग्रेस की स्थिति साँप-छछून्दर के जैसी है। कश्मीर में वह अलगाववादियों, उग्रवादियों, आतंकियों, देश विरोधियों के साथ खड़े होकर 370 की पक्षधर दिखती है। यही कांग्रेस शेष भारत में अपनी इस केंचुली को उतारकर 370 के विषय में दोहरे चरित्र की बात करती है। जब समूचा भारत देश अनुच्छेद 370 के उन्मूलन को लेकर प्रसन्न हो रहा था तब कांग्रेस देश की इस प्रसन्नता से अलग होकर मुँह फुलाए बैठी थी। कांग्रेसी अभिषेक सिंघवी ने तब कहा था "प्रथम दृष्टया, हम 370 को निरस्त करने के तरीकों पर निर्णय से असहमत हैं।" 6 अगस्त, 2019 को कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने लेकर मोदी सरकार पर हमला किया था। इस बैठक में उसने370 का सम्मान करते रहने का प्रस्ताव पारित किया था। ऐसा विरोध भला देश विरोध नहीं तो और क्या था?!

शेष राष्ट्र के सामने कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र पर बड़ी बेशर्मी से स्वयं को ह्यगुपकार गैंगह्न से अलग बताती है। यही कांग्रेस अनुच्छेद 370 हटने के ठीक एक दिन पूर्व फारूक अब्दुल्ला के निवास पर पीडीपी सहित कई अन्य अलगाववादियों के साथ गले में हाथ डालकर बैठी थी और अनुच्छेद 370 के पक्ष में संयुक्त व्यक्तव्य जारी कर रही थी। यही कांग्रेस, अनुच्छेद 370 के हटने के एक वर्ष बाद भी कश्मीर में पुनः गुपकार रोड पर पुनः इन उग्रवादियों के साथ खड़ी दिखाई देती है। कांग्रेस, अब्दुल्ला और पीडीपी वाले इस अलगाववादी गठबंधन ने एक वर्ष बाद भी यह कहा था कि- अनुच्छेद 370 और 35 को पुनर्स्थापित करने हेतु ये लोग प्रतिबद्ध हैं। कश्मीर के इस विधानसभा चुनाव में कश्मीर की जनता को कांग्रेस से यह पूछना चाहिए कि कश्मीर छोड़कर शेष राष्ट्र में वह अनुच्छेद 370 को हटाने के पक्ष में क्यों खड़ी दिखती है? ये दोहरा चरित्र क्यों है?! शेष राष्ट्र में वह अब्दुल्ला व मुफ़्ती परिवार से दूरी का प्रदर्शन करती है और अब विस चुनाव भी उनके साथ ही लड़ती है। कश्मीर की जनता को इन दोहरे और डुप्लीकेट चरित्र वाले लोगों का बहिष्कार करना चाहिये। गुपकार गठबंधन स्पष्ट तौर पर विदेशी शक्तियों का एक Bomb Toy है और कांग्रेस, अब्दुल्ला, पीडीपी इसके साथ खड़े हुए हैं। डॉ. पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के संकल्प एक देश, एक विधान, एक प्रधान के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्पशक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है। वर्ष 2020-21 में 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार, जम?मू और कश?मीर प्रदेश एवं लद्दाख हेतु क्रमशः 30757 करोड़ रु. और 5959 करोड़ रु. का अनुदान दिया गया है।

भाजपा की केंद्र सरकार ने कश्मीर में लोकतंत्र को पुनर्जीवित किया है। वर्ष 2018 में भाजपा की संकल्प शक्ति से कश्मीर में पंचायत चुनाव हुए जिसमें 74.1 प्रतिशत मतदान हुआ, वर्ष 2019 में ब्लॉक डेवलपमेंट काउंसिल चुनाव में 98.3 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद जिला स्तर के चुनाव में भी यही गाथा दिहराई गई। आज कश्मीर में आयुष्मान योजना से 4.4 लाख लाभार्थियों की सूची बन गई है। प्रधानमंत्री किसान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ने कश्मीर ने देश के शेष राज्यों की अपेक्षा अधिक सफलता अर्जित की है। कश्मीर के मूल निवासियों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया है। नई मूल निवासी परिभाषा के अनुसार 15 वर्ष या अधिक समय तक जम्मू-कश्मीर में रहने वाले व्यक्ति भी अब अधिवासी माने जाएंगे इससे कश्मीर की जनता सुरक्षित हुई है। कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए छः हजार आवासों का निर्माण हो गया है। जम्मू-कश्मीर से बाहर विवाह करने वाली लड़कियों और उनके बच्चों के अधिकारों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया गया है। कश्मीर में पहली बार दस हजार रिक्त नौकरियों को सूचीबद्ध करके इन पर नियुक्तियों का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके दूसरे चरण में लगभग साढ़े बारह हजार नौकरियों हेतु भर्ती अभियान चलाया गया है। मोदी सरकार ने कश्मीर में हिमायत योजना से लगभग नब्बे हजार युवाओं को प्रशिक्षण दिया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने पचास नये महाविद्यालय प्रारंभ किए हैं जिसमें लगभग सात हजार कश्मीरी छात्र नये कश्मीर का भाग्य रहे हैं। सात मेडिकल कॉलेज व पाँच नर्सिंग कॉलेज प्रारंभ किए गए हैं। आईआईटी जम्मू को अपना कैंपस और एम्स की भेंट मिली है। अटल टनल प्रारंभ होने के साथ साथ चिनाब पर विश्व का सबसे ऊंचा 467 मीटर का पुल अब कश्मीर को वैश्विक नक़्शे पर एक आतंकग्रस्त नहीं अपितु एक विकसित प्रदेश के रूप में दिखाता है।

# भाईचारे के साथ मनाया गया मोहम्मद साहब का जन्मदिन

## समाजसेवियों द्वारा जगह जगह बाँटे गए लंगर

**अखंड भारत संदेश**



**राजापुर, चित्रकूट।** कस्बा राजापुर में मुस्लिम समाज के अंजुमन, गरीबनवाज अहले, सुन्नत कमेटी के तत्वावधान में हिन्दू मुस्लिम भाईचारे के बीच आज मिलाद उन नबी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं जगह जगह पर समाजसेवियों द्वारा लंगर बाँटे गए। सुरक्षा वोः दृष्टिगत तहसीलदार राम सुधार राम प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह तथा भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

मुस्लिम समाज के अध्यक्ष अतहर नईम ने बताया कि इस त्योहार को बारावफात के रूप में मनाया जाता है और हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन को पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोग रात भर मस्जिदों में इबादत करते हैं और जलसा (इस्लामिक सभा) का आयोजन भी किया गया और मोहम्मद साहब की शान में नज्म पढ़े जाते हैं और कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जुलूस भी निकाला गया तथा इस दिन गरीबों को नए कपड़े, राशन और दान देकर परम्पराओं को लोग कायम रखते हैं। उन्होंने बताया कि पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्म अरब के शहर मक्का में 570 ई0 में हुआ था और इस्लाम धर्म के अनुसार मोहम्मद साहब से पहले तक 1 लाख 24 हजार नबी आये और मोहम्मद साहब आखिरी नबी थे और अल्लाह ने इन्हीं को पवित्र कुरान अता किया था, जिसे आकाशीय किताब भी कहते हैं।

बताया कि इस्लाम धर्म में चार आसमानी ग्रन्थ हैं जिसमें कुरान की सबसे ज्यादा मान्यता है। जलसा का जुलूस शाही इमामबाड़े से होते हुए सब्जी मंडी, पश्चिम नाका, थाना रोड से होते हुए नगर पंचायत विस्तारित क्षेत्र हुसईपुरवा तथा मो0 महबूब के घर के पास भी जलसा मुकाम किया और लंगर बाँटा गया। इसी क्रम में हिन्दू समाज के संजीव मिश्रा, वकीला परवीन उर्फ नूरी, खान गुंजा खान सैफ खान लाली खाँ, वसीम कुरैशी, मेराजुल हक के दरवाजे पर भी लंगर का वितरण किया गया।

इस मौके पर पेश इमाम मोईन अहमद, मो रफी, मो सफीक, वसीम कुरैशी, मो रईस अहमद, आबिद अली, साबिद अली, मो अली, साहब अली, शाबिर अली, इकबाल अहमद, शब्बीर अहमद, मो रफीक, मदार कुरैशी, मो हारून, मो नसीम, पूर्व सभासद राजेश श्रीवास्तव, शंकरदयाल जायसवाल, चमन रैकवार, सुरेश जायसवाल, कल्याण गोस्वामी, मन्नू सोनी आदि मौजूद रहे।

# रामघाट में चलाया छापामार अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शासन के निर्देश के क्रम में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलिथीन पर रामघाट में सघन पॉलिथीन अभियान चलाया गया। जिसमें दुकानदारों से 70 किलो पॉलिथीन जप्त कर 10000 रूपए का जुर्माना वसूला गया।

साथ ही दुकानदारों को जागरूक किया गया एवं पॉलीथिन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। शासन के मंशानुरूप हमारे धार्मिक स्थल रामघाट एवं कामतानाथ परिक्रमा मार्ग को पॉलिथीन मुक्त जोन घोषित किया गया है। जिसमें निरंतर लोगों को जागरुक एवं जुर्माना की कार्रवाई की जा रही है। अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने पॉलिथीन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को बताया। साथ ही जागरूक किया गया व लोगों से अपील की कि स्वच्छ विरासत, धार्मिक स्थल को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में जनता का सहयोग अपेक्षित है। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, रवि ज्ञानेंद्र आदि मौजूद रहे।



# धूमधाम से मनाया गया भगवान की श्रीकृष्ण का जल विहार उत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गोस्वामी परिवार द्वारा सैकड़ों वर्षों से चली आ रही परम्परा के तहत अखिल ब्रम्हाण्ड नायक भगवान श्रीकृष्ण का जल विहार उत्सव (झकझूलनी एकादशी) धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने पनिहरिया तालाब में बांके बिहारी की आरती कर किया। इसी क्रम में गोस्वामी परिवार द्वारा बांके बिहारी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें सभी ग्रामीणों ने बढ चढकर हिस्सा लिया। इसके बाद बिहारी मन्दिर प्रांगण में विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। साथ ही क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छैलबिहारी दास ने बताया कि यह जल विहार उत्सव करौंदीकला के गोस्वामी परिवार द्वारा कई दशकों से श्रद्धापूर्वक भक्ति भाव से आयोजित किया जाता है।

# भगवान को 56 भोग चढ़ाकर किया गया विशाल भण्डारे का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** भगवान श्रीकृष्ण के जल विहार एवं तुलादान के बाद सोमवार को 56 प्रकार के व्यंजनों से भगवान का महाभोग लगाया गया। साथ ही विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें गरीबों को भोजन कराकर वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के मंगल उत्सव की 50वीं वर्ष गांठ के अवसर पर प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पं नारायण दत्त त्रिपाठी ने बताया कि एक बार भगवान श्रीकृष्ण ने इन्द्र देव के प्रकोप से ब्रजवासियों को बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाया था। तब उन्हें लगातार सात दिन तक भूखा रहना पड़ा था। इसके बाद उन्हें 7 दिनों और 8 पहर के हिसाब से 56 व्यंजन खिलाए गए थे। इस घटना के बाद से ही भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग लगाने की परम्परा आरम्भ हुई। उन्होंने बताया कि भण्डारे की परम्परा भारत में प्राचीन काल से चली आ रही है। समय के साथ अब इसका स्वरूप बदल गया है। प्राचीन काल में यह अन्नदान के रूप में जाना जाता था। अन्न दान का उल्लेख शास्त्रों और पुराणों में कई स्थानों पर किया गया है। पुरातन काल में राजा महाराजा यज्ञ हवन और धार्मिक अनुष्ठन करवाते थे। इनमें गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र वितरित किया जाता था। आज वही परम्परा भण्डारें के रूप में विकसित हो गयी है। उन्होंने बताया कि संसार में सबसे बडा दान अन्न दान है। अन्न से ही यह संसार बना है और अन्न से ही इसका पालन हो रहा है। अन्न से शरीर और आत्मा दोनों की संतुष्टि होती है। ऐसे में अन्नदान सभी प्रकार के दान से उत्तम है। उन्होंने बताया कि पद्म पुराण के श्रृष्ठि खण्ड में एक कथा का उल्लेख किया गया है। जिसमें ब्रम्हा और विदर्भ के राजा श्वेत के बीच हुए संवाद से पता चलता है कि जो व्यक्ति अपने जीवन काल में जो भी दान करता है उसे वही वस्त्र मृत्यु के बाद परलोक में प्राप्त होती है।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, समाजसेवी कमलेश मिश्रा, गुड्डन दुबे, अंकुर त्रिपाठी, अनुज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# जिले के तीन शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एडूलीडर्स यूपी शिक्षको के व्यावसायिक क्षमता वृद्धि, उनके कार्यों को प्रोत्साहन, बच्चो के लर्निंग ऑउटकम को सुनिश्चित करने तथा हर वर्ष प्रदेश के सभी 75 जनपदो से 75 शिक्षको को एडूलीडर्स अवार्ड देने का कार्य करता है। एडूलीडर्स यूपी प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत स्वप्रेरित, ऊर्जावान, टेक्नोसेवी शिक्षको का एक स्वतःस्फूर्त समूह है जिसका नेतृत्व बस्ती जनपद के राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक डॉ सर्वेष्ट मिश्र करते हैं। यह समूह सभी 75 जनपदों में अपने व्हाट्सप समूहो, फेसबुक कुटुंब पेज, वेबसाइट के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व निपुण भारत मिशन की दक्षताओं को सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन शैक्षणिक सामग्री निर्माण, निपुण भारत वर्कशीट, ज्ञान गंगा ब्लैकबोर्ड संदेश, संस्कार, बूझ भाई बूझ, बाल सवाल, निपुण प्रवाह तथा शब्द संग्रह आदि सन्देश प्रतिदिन हजारों शिक्षकों और विद्यार्थियों तक प्रेषित करता है। एडूलीडर्स शिक्षकों के क्षमता संवर्धन के लिए समय-समय पर ऑनलाइन वेबिनार, गोष्ठी व सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में सहयोगी के रूप में प्रतिभाग करता है। इसके तहत समारोह ग्रेटर नोएडा में कुंवर बृजेश सिंह राज्यमंत्री पीडब्लूडी उत्तर प्रदेश, मनोज जोशी (पद्मश्री) एवं हरीश द्विवेदी पूर्व सांसद बस्ती द्वारा जनपद चित्रकूट से इस वर्ष एडूलीडर्स अवॉर्ड शिव भूषण त्रिपाठी सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय रेरूवा रामनगर को प्राप्त हुआ। एडूलीडर्स अवॉर्ड के साथ प्रत्येक जनपद से कर्मयोगी पुरस्कार दिया गया। जिसमे जनपद के रामनारायण पांडेय प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय बगलई व अभिषेक सिंह सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय रैपुरा मानिकपुर को प्राप्त हुआ।

# जिला जेल में बंदियों को दी गयी विधिक सहायता सम्बन्धी जानकारियां

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल व न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शनी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता सम्बन्धी प्रावधानों और लाभों से बंदियों को अवगत कराया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल व न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शनी ने जिला कारागार में 18 से 21 वर्ष आयु वाले अल्प वयस्क बंदियों की बैरक को देखा। साथ ही उनकी समस्याओं का अनुश्रवण किया, उनके शिक्षण, प्रशिक्षण, खेलकूद और नवाचार गतिविधियों सम्बन्धी जानकारी जेल अधिकारियों से ली। साथ ही इसके लिए बंदियों को प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान उन विचाराधीन बंदियों जिनकी जेल में प्रवेश से 6 महीने बीतने के बाद भी जमानत प्रार्थना पत्र कोर्ट में दाखिल नहीं हुई या जिन विचाराधीन बंदियों की बेल खारिज होने के 1 वर्ष की अवधि बीतने के बाद अभी उच्च न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल नहीं हुई है, उनकी सूची बनाकर विधिक सहायता उपलब्ध कराने की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त जो विचाराधीन बंदी जमानत होने के बाद जमानतदार के अभाव में जेल में निरुद्ध हैं, जो विचाराधीन बंदी समझौता योग्य अपराधों की श्रेणी में हैं या धारा 479 के तहत विचाराधीन बंदी पात्र हैं, के सम्बन्ध में विधिक सेवा प्रदान करने की कार्यवाही की गई। महिला बंदियों की जमानत और विधिक सहायता पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने जेल में कार्यरत पैरा लीगल वालंटियर्स को भी बंदियों में जागरूकता और विधिक सेवा के लिए प्रशिक्षित किया। साथ ही जेल में कार्यरत लीगल एड डिफेन्स कॉन्सिल के कार्यों की व्यापक समीक्षा भी की।इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, जेलर संतोष वर्मा, डिप्टी जेलर रजनीश सिंह, बृज किशोरी, एलएडीसी कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# पितरों को प्रसन्न करने के लिए चित्रकूट में कौवों को खिलाने की विशेष व्यवस्था

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पितृ पक्ष में कौवों के माध्यम से पितरों को प्रसन्न करने की परंपरा किसी से छिपी नहीं है, किंतु मानव द्वारा उत्पन्न पर्यावरणीय समस्यायों के कारण अब कौवे बहुत कम ही देखने को मिलते हैं। बावजूद इसके प्रभू श्री राम की वनवास भूमि चित्रकूट में आचार्य राजेंद्र तिवारी के निवास में प्रातः काल 6 से 7 बजे के मध्य कौवों के बडे समूह को खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराकर पितरों की प्रसन्न किया जा सकता है। यह विशेष स्थल उत्तर प्रदेश पर्यटक बंगला के सामने से बगिया जाने वाली रोड किनारे स्थित है। आचार्य राजेंद्र तिवारी ने बताया कि सनातन संस्कृति में पितरों के सम्मान और पितृ पक्ष में पिंडदान, तर्पण और वार्षिक श्राद्ध कर्म को विशेष महत्व दिया गया है। इस बार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पितृ पक्ष रहेगा। मान्यता है कि कौवा के रूप में पितर अपने वंश द्वारा वार्षिक श्राद्ध कर्म के माध्यम से प्रदत्त खाद्य पदार्थ प्राप्त करते हैं। इस दृष्टि से पितृ पक्ष में कौवों को खिलाने की परंपरा है।

## सूखा गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक प्रशिक्षु उत्कर्ष कुमार सिंह व आरक्षी रणवीर सिंह द्वारा शरद यादव निवासी ग्राम माखनपुर थाना कालिंजर जनपद बांदा को 1 किलो 52 ग्राम सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना भरतकूप में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# एबीवीपी ने की पहाडी नगर इकाई की घोषणा

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी, चित्रकूट।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा पहाडी नगर इकाई का गठन किया गया। कार्यक्रम में जिला संयोजक तेज प्रकाश चतुर्वेदी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नितेश त्रिपाठी और कर्वी नगर इकाई के सह मंत्री प्रशांत त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

जिला संयोजक तेज प्रकाश चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद द्वारा छात्रों में छिपी हुई विविध प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने वाली महाविद्यालयीय गतिविधियाँ बढाने के प्रयास के साथ ही स्वयं अपनी इकाइयों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताएँ, साहित्य एवं नाट्य स्पर्धाएँ, सम्मेलन, प्रतिभा संगम, रंगतोरण, कैरियर मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास शिविर आदि आयोजन होते हैं। अभियांत्रिकी के छात्रों के तकनीकी प्रयोगों की स्पर्धा-डिपेक्स, सृजन, सृष्टि आदि मेडिकल, भारतीय औषधिशास्त्र एवं कृषि के विद्यार्थियों के लिए



क्रमशः मेडीविजन, जिज्ञासा और एग्रीविजन के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किये जाते हैं। पहाडी नगर इकाई गठन में पहाडी नगर अध्यक्ष के रूप में राजू सिंह, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार, दीपक चैरसिया, अजय पांडेय, नगर मंत्री शिवम चतुर्वेदी, नगर सहमंत्री ज्योति सिंह, अजीत सिंह, महेंद्र सिंह, शिवम पांडेय, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक पुष्पराज पटेल, सहसंयोजक बबलू पटेल, एसएफडी संयोजक भारत पटेल, एसएफएस सहसंयोजक किशन पटेल, एसएफडी संयोजक दीपक चतुर्वेदी, सहसंयोजक शिवनारायण, नगर सोशल मीडिया संयोजक शिवांश पांडेय, सह संयोजक मानस त्रिपाठी, एग्री विजन संयोजक युवराज सिंह, सहसंयोजक विपिन यादव, डिवीजन संयोजक रोहित नामदेव, सहसंयोजक ऋषभ विश्वकर्मा, नगर कार्यकारिणी सदस्य अरुण सिंह, अचल सिंह, महेंद्र यादव, नितिन राज उपाध्याय, सत्यम शुक्ला, अनिल यादव, नवराज यादव को दायित्व दिया गया।इसी प्रकार ग्राम मुस्लिम पुरवा कोलगदहिया मे जशने ईद मिलादुन्न का जूलूस निकाला गया। जिसमे गुलसने ए रजा ए मुस्तफा कमेटी के सदर अध्यक्ष हाजी रज्जन अली ठेकेदार, गुलसने ए रजा ए मुस्तुफा कमेटी सदर अध्यक्ष अल्ला रख्खू वैद, उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद, शेर अली मंसूरी, हाफिज तौफीक रजा, हाफिज इसरार अली, हाजी इदरीश अली, हाजी रमजान अली, हाजी अली हुसैन, नफीस अहमद, गुलाब अहमद, नवाब खान, इकबाल बाबू, सलीम प्रधान पाही, कासिम अली, फहीम खान आदि मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन के लिए सबको मिलकर करना होगा संघर्ष : कुलदीप सैनी

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** बलदाऊ मंदिर में अटेवा कि सहयोग जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया गया।

प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी कुलदीप सैनी ने कहा कि अटेवा ही पुरानी पेंशन के लिए लड़ रहा है। पुरानी पेंशन बहाल होगी। इसके लिए सबको मिलकर संघर्ष करना होगा। प्रदेश सयुंक्त मंत्री वीरेंद्र सिंह पटेल ने संगठन कि मजबूती और संघर्ष को बताया। मंडल पर्यवेक्षक कनौजिया ने संगठन के संघर्ष और इतिहास को बताया। साथ ही सबको संगठन के साथ संघर्ष करने को कहा। मंडल संगठन मंत्री व जिला सरंक्षक महेन्द्र पटेल ने 26 सितम्बर को आक्रोश रैली में सभी को शामिल होने को कहा। इस अवसर पर जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे नीरज, मलखान, अनंत चैरसिया को जिला सह सयोंजक, कप्तान जिला मंत्री, विक्रम, दीपक को जिला संगठन मंत्री, धर्मेंद्र, दिनेश गर्ग जिला मीडिया प्रभारी, प्रेम नारायण सिंह जिला आईटी सेल प्रभारी, अरबिंद ब्लॉक सयोजक चित्रकूट, सुधींद्र सिंह ब्लॉक सयोजक पहाड़ी, बलराम ब्लॉक सयोजक रामनगर, विनोद ब्लॉक सयोजक मानिकपुर, प्रमोद ब्लॉक सयोजक मऊ, ब्लॉक मंत्री अमर मनोनीत किये गये। साथ ही सभी से आगामी 26 सितम्बर के आक्रोश मार्च कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन आनंद यादव डायरेक्टर टीचर सोसाईटी ने किया। जिला कोषाध्यक्ष कमलेश गुप्ता, महामंत्री मथुरा प्रसाद, जिला सयोजक राजेश ने आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर कैडर प्रभारी कानपुर देहात भूरा सिंह, मंडल संगठन मंत्री नेपाल सिंह, ब्लॉक सयोंजक बड़ोखर खुर्द जानकीकरण सिंह, रामप्रकाश सिंह पटेल, जीतेन्द्र सिंह, लवलेश, अमरबहादुर, अमरनाथ यादव, देवेश, आलोक, देवेंद्र, सुरेंद्र, प्रेमचंद्र आदि मौजूद रहे।

# अब्राहम एकॉर्ड के 4 साल पूरे, गाजा युद्ध के बाद भी इजरायल के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं ये तीन मुस्लिम देश

**तेल अवीवः चार** साल पहले 15 सितम्बर 2020 को जब बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात (वअए) के विदेश मंत्री इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अब्राहम समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए खड़े थे, तो इसे मध्य पूर्व में एक नए युग की शुरूआत के तौर पर देखा गया था। ट्रंप ने कहा था, 'हम आज दोपहर यहां इतिहास की दिशा बदलने के लिए यहां आए हैं। दशकों के विभाजन और संघर्ष के बाद हम एक नए मध्य पूर्व की सुबह का प्रतीक हैं।' इजरायली प्रधानमंत्री ने इस समझौते से अरब-इजरायल के संघर्ष के खात्मे की उम्मीद जताई तो ऐसा ही प्रतिध्वनि बहरीन और यूएई के बयानों में सुनाई दी। आगे चलकर इस समझौते में एक और मुस्लिम देश मोरक्को भी शामिल हुआ। आज जब इस समझौते के चार साल पूरे हो चुके हैं, इजरायल गाजा में हमास के साथ युद्ध लड़ रहा है। ईरान और उसके प्रॉक्सी लगातार इजरायल के खिलाफ हमलावर हैं। लेकिन इसके साथ ही मध्य पूर्व में एक नया समीकरण भी नजर आ रहा है।



युद्ध ने बढ़ा दिया है दबाव

गाजा में 11 महीने से जारी युद्ध ने अरब देशों के साथ इजरायल के साथ समझौते पर काफी दबाव डाला है, इसके बावजूद ये रिश्ते अभी तक बने हुए हैं। मध्य पूर्व के जानकार लोग इस बात को स्वीकार करते हैं कि हमास के खिलाफ युद्ध ने इजरायल के साथ संबंधों को लेकर यूएई, बहरीन और मोरक्को पर तनाव डाला है, लेकिन साथ ही एक उम्मीद भी नजर आती है। टाइम्स ऑफ इजरायल ने एक अधिकारी के हवाले से बताया कि स्वाभाविक रूप से युद्ध के दौरान संबंधों की असल परीक्षा होती है और यह संबंधों में तनाव भी पैदा करता है।

युद्ध शुरू होने के बाद से वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों में केवल राष्ट्रपति इसाक हेर्जोग और वित्त मंत्री नील बरकत ने ही अरब देशों की यात्रा की है। दोनों यूएई में एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में हिस्सा लेने गए थे और यह द्विपक्षीय यात्रा नहीं थी। इजरायल में अधिकारी इस बात पर जोर देते हैं कि युद्ध के चलते तनाव भरे दौर में एक तथ्य में इनकार नहीं किया जा सकता है कि समझौता बना रहेगा। अब्राहम समझौते में शामिल एक अधिकारी ने टाइम्स ऑफ इजरायल को बताया कि तनाव के बावजूद सभी पक्षों का मानना है कि शांति और सहयोग ही सही विकल्प है।

एक रणनीतिक फैसला

इस साल जनवरी में जब गाजा में इजरायली अभियान चरम पर था, यूएई के राष्ट्रपति के सलाहकार अनवर गरगश ने इजरायल के साथ रिश्तों पर बयान दिया था। अनवर ने कहा था कि 'यूएई ने एक रणनीतिक फैसला लिया है और रणनीतिक फैसले लंबे समय के लिए होते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि रणनीतिक फैसलों की राह में बहुत सारी बाधाएं आती हैं और हम एक बड़ी बाधा (गाजा युद्ध) का सामना कर रहे हैं और हम जरूर इससे निपटेंगे।'

युद्ध के बाद कैसे हैं रिश्तें?

गाजा और टेम्पल माउंट में इजरायली नीतियों की निंदा के बावजूद केवल जॉर्डन ही इकलौता अरब सहयोगी था जिसने आधिकारिक तौर पर अपने राजदूत को युद्ध के दौरान इजरायल से वापस बुला लिया।

मोरक्को, बहरीन और यूएई के राजदूतों ने सार्वजनिक समारोहों और मीडिया से दूरी बनाई लेकिन वे लगातार देशों के बीच आते-जाते रहे और पर्दे के पीछे काम करते रहे। ध्यान देने वाली बात है ।

# भारत में रहस्यमय तरीके से घुसा बांग्लादेश का कट्टरपंथी नेता, एंटी-इंडिया अभियान में रहा है नाम

**ढाकाः बांग्लादेश** का एक कट्टरपंथी मुफ्ती भारत में घुस चुका है। मुफ्ती महमूदुल हसन जुबैर उर्फ मुफ्ती जुबैर रहमानी का संबंध कट्टरपंथी समूह अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (अइळ) के प्रमुख के साथ है वह भारत विरोधी प्रचार में शामिल रहता है। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक सूत्रों ने बताया कि 5 सितंबर को पश्चिमी बंगाल में हरिदासपुर सीमा चौकी के जरिए वह भारत में घुसा। अधिकारी अब इस बात की जांच कर रहे हैं कि वह भारत में कैसे आया और किन गतिविधियों में शामिल रहा। सूत्रों ने कहा कि रहमानी ने दिल्ली में इस्लामी संस्थानों और संभवतः उत्तर प्रदेश में दारुल उलूम देवबंद का दौरा किया है।

रहमानी पर आरोप है कि वह सोशल मीडिया के जरिए भारत विरोधी प्रचार में शामिल रहा है। वह




भारत विरोधी तत्वों, विद्रोहियों, कट्टरपंथियों और भारतीय सामानों के बहिष्कार का समर्थन करता है। सूत्रों ने यह भी आरोप लगाया कि वह भारत से उत्तर-पूर्वी राज्यों को अलग करने की मांग में भी शामिल हो गया है। पिछले महीने बांग्लादेश की सत्ता में आने वाली मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने जमात-ए-इस्लामी के कथित प्रभाव में चरमपंथी नेताओं को रिहा कर दिया है। उन्हीं में से एक अइळ के प्रमुख जशीमुद्दीन रहमानी को भी रिहा कर दिया गया, जो भारत के खिलाफ जहर उगलता है। हाल ही में उसने भारत को तोड़ने की बात कही थी। शेख हसीना की सरकार में जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध लगा था।

अंतरिम सरकार के कार्यभार संभालने से पहले ही जमात पर दो अन्य प्रमुख लोगों ब्रिगेडियर जनरल अब्दुल्लाहिल अमन आजमी और वकील अहमद बिन कासिम की रिहाई प्रभावित करने का आरोप है। दोनों का पाकिस्तान की आईएसआई से घनिष्ठ संबंध है।

# डोनाल्ड ट्रंप पर AK-47 से हमला करने वाला कौन? यूक्रेन युद्ध में जाने का किया था ऐलान

**वॉशिंगटनः अमेरिका** में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हत्या की कोशिश एक बार फिर हुई है, जिसमें वह बाल-बाल बच गए हैं। फ्लोरिडा में गोल्फ कोर्स में वह खेल रहे थे, तभी बाड़ की दूसरी तरफ से फायरिंग की गई। गोलीबारि करने के संदिग्ध 58 वर्षीय रयान वेस्ले रॉथ को गिरफ्तार कर लिया गया है। ट्रंप पर एके-47 स्टाइल वाली एक राइफल से फायरिंग की गई। बाद में तलाशी के दौरान अधिकारियों को गोल्फ कोर्स की बाड़ से लटके दो बैग, एक बंदूक और एक गो प्रो कैमरा मिला है। रॉथ एक झाड़ी में छिपा था। सीक्रेट सर्विस एजेंट्स ने उसे देख लिया और फायरिंग की। फायरिंग के कारण रॉथ झाड़ी से निकलकर एक काली कार में बैठकर भाग गया। गवाहों की ओर से दिए गए बयान से उसकी पहचान हो सकी। एक गवाह ने वीडियो बना लिया था, जिसमें रॉथ को देखा जा सकता था। न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक पाम बीच काउंटी के शेरिफ रिक ब्रैडशॉ ने कहा, 'अभी हमारी हिरासत में एक संभावित संदिग्ध है।'


# कंधार बनाम काबुल, तालिबानी नेतृत्व में दो फाड़, अफगानिस्तान पर 'कब्जे' के लिए क्यों छिड़ी है जंग?

**काबुलः अशरफ** गनी की सरकार को हटाने के बाद साल 2021 में तालिबानी अफगानिस्तान की सत्ता में आए थे। तालिबान का दावा था कि वह देश में स्थिरता को लाएंगे और आतंकवाद को खत्म करेंगे। करीब 3 साल बाद अब तालिबान के अंदर आंतरिक कलह तेज होती जा रही है। गत 21 अगस्त को अफगानिस्तान में एक बेहद सख्त नैतकिता कानून को मंजूरी दी गई। इसके तहत मीडिया, म्यूजिक, सार्वजनिक जगहों और ट्रांसपोर्टेशन को लेकर कई तरह के प्रतिबंध लगाए गए हैं। महिलाओं के सार्वजनिक रूप से तेज आवाज में गाना गाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। विश्लेषकों का कहना है कि यह तालिबान की ओर से आया यह फरमान पुराने तालिबानी नेताओं के सत्ता पर पकड़ मजबूत करने की कोशिश है।

इस कानून के बाद अफगानिस्तान में कड़ा विरोध किया गया और हालत यह हो गई कि तालिबान के सुप्रीम लीडर मुल्ला हैबतुल्ला को सभी से मतभेद को भुलाकर एकजुट रहने की अपील करनी पड़ी। विश्लेषकों का कहना है कि तालिबानी सरकार का यह आदेश दिखाता है कि तालिबानी नेतृत्व के बीच में तनाव बढ़ रहा है। अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद कुछ तालिबानी नेताओं ने दुनिया को यह दिखाने की कोशिश की थी कि वे पुराने कट्टर तालिबानी नेताओं की तुलना में उदार रुख रखते हैं।

कट्टर तालिबानी हो गए मजबूत

इन नए तालिबानी नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के साथ हां में हां मिलाया और



स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय सपोर्ट हासिल करने के लिए उसकी इच्छा है कि कट्टरपंथी नीतियों में बदलाव किया जाए। साथ ही नई तालिबान सरकार को वैधानिकता दिलवाई जाए। हालांकि जब अंतरिम कैबिनेट का गठन हुआ तो उससे साफ हो गया कि कट्टर सोच रखने वाले पुराने तालिबानी हार मानने को तैयार नहीं हैं। हालत यह हो गई कि इस अंतरिम सरकार में सभी जातीय गुटों को जगह नहीं दी गई। यही नहीं पुराने कट्टर तालिबानियों को प्रमुख मंत्रालय दिए गए। इसमें मुल्ला मोहम्मद हसन अखुंद शामिल है जिसे पीएम बनाया गया है।


तालिबान के सह संस्थापक मुल्ला अब्दुल गनी बरादर को डेप्युटी पीएम और तालिबान के संस्थापक मुल्ला उमर के बेटे मुल्ला याकूब को रक्षा मंत्री बनाया गया। अफगानिस्तान की नई सरकार जब आई तब उसके सामने देश को बर्बाद होने से बचाना था। तालिबान चीफ अखुंदजादा ने अपना ठिकाना राजधानी काबुल की बजाय कंधार को बना लिया जो सत्ता का एक और केंद्र बन गया। उसने खुद को तालिबानी सरकार के राजनीतिक, सैन्य और धार्मिक मामलों का प्रमुख बना लिया। पिछले दो साल से अखुंदजादा ने साफ कर दिया है कि वह अपने कट्टर रुख को नहीं बदलने जा रहा है।

हक्कानी चीफ ने किया विरोध

मार्च 2022 में अखुंदजादा ने ऐलान किया कि लड़कियों और महिलाओं को स्कूल और यूनिवर्सिटी जाने पर बैन लगाया जाता है। उसने सत्ता अपने हाथ में लेने की कोशिश की है।

# ट्रंप पर दोबारा हमला, राष्ट्रपति बाइडेन ने की निंदा

**वाशिंगटन। पूर्व** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा है कि "हमारे देश में राजनीतिक हिंसा या किसी भी तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।" साथ ही पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को गोलीबारी की घटना के दौरान सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए सुरक्षा में तैनात अधिकारियों की प्रशंसा की। जांचकताओं ने पुष्टि की है कि रविवार को रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की "हत्या का प्रयास" किया गया था।



बाइडेन ने फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में ट्रंप के गोल्फ क्लब में गोलीबारी के बारे में जानकारी दिए जाने के बाद कहा, "जैसा कि मैंने कई बार कहा है, हमारे देश में राजनीतिक हिंसा या किसी भी तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है, और मैंने अपनी टीम को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है कि सीक्रेट सर्विस के पास पूर्व राष्ट्रपति की निरंतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सभी संसाधन, क्षमता और सुरक्षात्मक उपाय हैं।"

उन्होंने एक बयान में कहाः "मेरी टीम ने मुझे इस बारे में जानकारी दी है कि फेडरल लॉ एनफोर्समेंट आज पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की संभावित हत्या के प्रयास की जांच कर रहा है। एक संदिग्ध हिरासत में है, और मैं सीक्रेट सर्विस और उनके कानून प्रवर्तन भागीदारों की सतर्कता और पूर्व राष्ट्रपति और उनके आस-पास के लोगों को सुरक्षित रखने के उनके प्रयासों की सराहना करता हूं। मैं इस बात से काफी राहत महसूस कर रहा हूं कि पूर्व राष्ट्रपति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इस घटना की सक्रिय जांच चल रही है।"

अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में अट्ठावन वर्षीय रयान वेस्ले राउथ को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमले का आरोपी बताया जा रहा है। हमला फ्लोरिडा में तब हुआ जब ट्रंप गोल्फ खेल रहे थे।

राउथ के बारे में कहा जाता है कि वह हवाई का निवासी है, उत्तरी कैरोलिना में एक श्रमिक के रूप में काम करता था और उसने रूसी आक्रमणों के खिलाफ यूक्रेन के समर्थन में लड़ाकों की भर्ती करने की कोशिश की थी।

एफबीआई ने कहा कि वह इस घटना की "हत्या का प्रयास" मानते हुए जांच कर रही है।

एजेंसी ने एक बयान में कहा, "एफबीआई ने वेस्ट पाम बीच, फ्लोरिडा में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या के प्रयास की जांच कर रही है।" जांचकताओं को एक अङ-47 स्टाइल राइफल, सिरेमिक टाइल से भरे दो बैकपैक और एक गोप्रो कैमरा मिला, जिसे मौका ए वारदात पर छोड़ दिया गया था।

ट्रंप पर ये हत्या के प्रयास का दूसरा मामला है। पहला 13 जुलाई 2024 को बटलर, पेंसिल्वेनिया में हुआ था। तब उनके दाहिने कान में गोली लगी थी। शूटर, को मार गिराया गया था।

रविवार की घटना दोपहर 1:30 बजे के आसपास वेस्ट पाम बीच में ट्रंप इंटरनेशनल गोल्फ क्लब में हुई। जांचकताओं ने कहा कि क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति से आगे बढ़ रहे सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स को झाड़ियों में एक बंदूक की नली दिखाई दी।

# बांग्लादेश में उठी पाकिस्तानी परमाणु हथियार की मांग

**इस्लामाबाद/ढाकाः बांग्लादेश** में चल रही उथल-पुथल ने पाकिस्तान के परमाणु बम को चर्चा में ला दिया है। हाल ही में ढाका यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर ने बांग्लादेश को परमाणु संपन्न बनाने की बात कही है। प्रोफेसर शाहिदुज्जमां ने इसके लिए पाकिस्तान से परमाणु संधि करने की बात कही है। प्रोफेसर ने पाकिस्तान को बांग्लादेश को सबसे भरोसेमंद सहयोगी बताया। इस बयान ने इन चचाओं को हवा देनी शुरू कर दी है कि क्या बांग्लादेश परमाणु शक्ति बनने की राह पर चल रहा है? साथ ही एक सवाल सवाल भी उठता है कि जिस बांग्लादेश की जमीन पर पाकिस्तान को शर्मनाक हार मिली, क्या आज उसी बांग्लादेश को पाकिस्तान परमाणु संपन्न बनाने में मदद करेगा। लेकिन आज बात पाकिस्तान-बांग्लादेश संबधों की नहीं, बल्कि पाकिस्तान के परमाणु बम की करेंगे कि इस्लामाबाद ने किस तरह से एटमी हथियार हासिल किया और बांग्लादेश के निर्माण ने इसमें क्या भूमिका अदा की।



भुट्टो की परमाणु बम की ख्वाहिश

व्यापक रूप से यह माना जाता है कि 1971 की अपमानजनक हार ही मुख्य कारण था जिसके कारण पाकिस्तान ने परमाणु हथियार बनाने के फैसला किया। 'अब दोबारा ऐसा अपमान नहीं सहना पड़ेगा'- पाकिस्तान के परमाणु बम को हासिल करने के पीछे ये मुख्य भावना बन गई। लेकिन बस इतनी ही वजह नहीं थी। बांग्लादेश की हार को मुख्य वजह बताते समय हमें जुल्फिकार अली भुट्टो का नाम नहीं भूल जाना चाहिए। भुट्टो ही वो शख्स थे, जिन्होंने भारत से नफरत में पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम की नींव रखी थी। भुट्टो ने पाकिस्तान के लिए परमाणु हथियार के विचार का नेतृत्व किया।

बांग्लादेश युद्ध से कई साल पहले भुट्टो परमाणु हथियार के सबसे बड़े प्रचारक के रूप में उभरे थे। भुट्टो उन लोगों में थे जो भारत में बम बनाने की बहस पर करीब से नजर रख रहे थे। पाकिस्तान के परमाणु बम की कोई भी चर्चा भुट्टो के उस बयान के बिना पूरी नहीं हो सकती, जो उन्होंने 1965 में मैनचेस्टर गार्डियन के साथ साक्षात्कार के दौरान दिया था।

भुट्टो ने कहा था, 'अगर भारत परमाणु बम बनाता है तो भले ही हमें घास और पत्ते खाने पड़ें,भूखा रहना पड़े। हम भी परमाणु बन बनाएंगा। हमारे पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचेगा। परमाणु बम का जवाब सिर्फ परमाणु बम ही हो सकता है।'


## रोनाल्ड रीगन, केनेडी, रूजवेल्ट...

**वॉशिंगटनः फ्लोरिडा** में रविवार दोपहर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास गोली चलने की खबर आई है। हालांकि इसमें वह पूरी तरह से सुरक्षित हैं। ट्रंप की प्रचार टीम और खुफिया सेवा ने यह जानकारी दी। यह साफ नहीं हो सका है कि क्या गोलीबारी ट्रंप को निशाना बनाकर की गई थी या नहीं। अमेरिका खुफिया सेवा ने कहा कि वह मामले की जांच कर रही है। घटना तब हुई जब ट्रंप गोल्फ खेल रहे थे। मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। इससे पहले जुलाई में ट्रंप पर हमला हुआ था, जिसमें वह बाल-बाल बच गए थे।

# नाइजीरिया में बड़ा हादसा, नाव पलटने से 41 लोगों की मौत

**अबुजा। नाइजीरिया** के उत्तर-पश्चिमी राज्य जामफारा में शनिवार को एक नाव के पलट जाने से कम से कम 41 लोगों की मौत हो गई। वहीं 12 अन्य को रेस्क्यू कर्मियों ने बचा लिया।

नाइजीरिया के संघीय प्रतिनिधि सभा में गुम्मी-बुक्कुयुम निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले राष्ट्रीय विधायक सुलेमान गुम्मी ने रविवार को बताया कि नाव में 50 से अधिक यात्री और चालक दल सवार थे। उन्होंने कहा कि नाव जम्फारा के गुम्मी स्थानीय सरकारी क्षेत्र के गुम्मी कस्बे के पास नदी में



पलट गई।

गुम्मी ने बताया कि यात्री किसान थे जो रोजाना नाव से पास के इलाके में अपने खेतों पर जाते थे।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार अधिकारियों ने सूचना मिलते ही स्थानीय गोताखोरों सहित अन्य कर्मचारियों को घटनास्थल पर तुरंत भेज दिया। कम से कम एक दर्जन लोगों को जीवित बचा लिया गया।

जम्फारा राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख हसन दौरा ने स्थानीय मीडिया से एक इंटरव्यू में कहा कि इस घटना में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे मारे गए हैं। पश्चिमी अफ्रीकी देश में नाव पलटने की दुर्घटनाएं अक्सर होती हैं। आमतौर पर इन घटनाओं के लिए ओवरलोडिंग, प्रतिकूल मौसम की स्थिति और परिचालन संबंधी त्रुटियों जैसे कारकों को जिम्मेदार बताया जाता है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# कोई भी बाइडेन और कमला की हत्या की कोशिश नहीं कर रहा: मस्क

**अमेरिक**

**पूर्व** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर कथित हत्या के प्रयास की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए एलन मस्क ने एक विवादास्पद बयान दिया। उन्होंने सवाल किया, "अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पर हत्या का कोई प्रयास क्यों नहीं किया जा रहा है?"

रविवार को ट्रंप पर दूसरी बार हत्या का प्रयास किया गया, जब फ्लोरिडा में एक गोल्फ कोर्स के बाहर गोलियां चलाई गईं, जहां वो गोल्फ खेल रहे थे।

एफबीआई ने कहा कि फ्लोरिडा में उन पर कथित तौर पर हत्या का प्रयास किया गया था। रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के अभियान और कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने बताया कि वह सुरक्षित और स्वस्थ हैं।

**पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर कथित हत्या के प्रयास की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए एलन मस्क ने एक विवादास्पद बयान दिया। उन्होंने सवाल किया, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पर हत्या का कोई प्रयास क्यों नहीं किया जा रहा है?"**

एक एक्स यूजर के सवाल, "वे डोनाल्ड ट्रंप को क्यों मारना चाहते हैं?" का जवाब देते हुए टेस्ला के सीईओ ने लिखा, "और कोई भी बाइडेन/कमला की हत्या करने की कोशिश नहीं कर रहा है।"



टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख ट्रंप समर्थक हैं और अक्सर उनके पक्ष में पोस्ट लिखते रहे हैं।

अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने पुष्टि की है कि उसके एक या अधिक एजेंटों ने ट्रंप के गोल्फ कोर्स की सीमा के पास एक बंदूकधारी पर गोलियां चलाई और एक वीडियो कैमरे के साथ एक 'एके-47 स्टाइल राइफल' बरामद की गई।

अधिकारियों के अनुसार, अभी भी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि रयान वेस्ले राउथ नामक बंदूकधारी ने पूर्व राष्ट्रपति की ओर गोली चलाई थी या नहीं, लेकिन सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने गोल्फ कोर्स में झाड़ियों में छिपे संदिग्ध पर गोली चलाई थी।

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने कहा कि अधिकारियों को झाड़ियों में एक एके-47 राइफल भी मिली, जो उस स्थान के बेहद करीब थी जहां से ट्रंप निकल रहे थे।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "फिर से दोस्तों! फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में ट्रंप गोल्फ कोर्स में गोलीबारी हुई। स्थानीय कानून प्रवर्तन के अनुसार, झाड़ियों में एक एके-47 पाया गया।"

ट्रंप की हत्या की कोशिश पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में गोली लगने के दो महीने बाद हुई है।

तब उनके दाहिने कान में मामूली चोट आई थी। हमलावर को सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत गोली मार दी थी।

व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, जो नवंबर चुनावों में ट्रंप की डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी थी, दोनों को इस घटना के बारे में जानकारी दे दी गई है।

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बयान में कहा, "हमारे देश में राजनीतिक हिंसा या किसी भी प्रकार की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।"